उल्टी गिनती

धन्यवाद, भाई नेविल, प्रभु आपको आशीष दे।

यह सदा हर प्रकार से जल्दी में। मैं अन्दर आया। मैं अंदर आया। भाई मुर टेलीफोन पर उनके यहां पेंटीकोस्टल की 50 वी जुबली वर्ष के विषय में थे। मैं व्यापारी वर्ग के साथ तारीखें तय करने कि कोशिश में था दूसरी जगह में, और मैंने कहा... फोन बंद कर दिया, कहा, "'केवल विश्वास' को सुना? आप जानते हैं, इसका क्या अर्थ है?" और मैंने उन्हें बिली के साथ कर दिया, और दरवाजे से भागा। इसलिए मैं—मैं नहीं जानता कि वे वहां पीछे कैसे नतीजे पर पहुंचे, ये... मैं वास्तव में लुईसविल जाना पसंद करता हूं, यदापि उन लोगों में अच्छे दक्षिणी लोग वहां है। परंतु तब मुझे वहां आसपास इन्हीं तारीखों में फ्लोरिडा में होना है, व्यापारियों की क्षेत्रीय बेदारी में, यह एक प्रकार से उलझ गया, जब आप उन्हें एक साथ मिलाने की कोशिश करते हैं, एक ही समय में इस प्रकार से।

2 हम यहां इस प्रात: सारे आनंदित है, और—और जीवित है उन लोगों के बीच जो "आमीन" कह सकते है। यह ठीक बात है। अब, मुझे खेद है कि हम यहां ठसा ठस हो गए है। और उसने कहा उनमें से कुछ लोग आए और फिर वापस चले गए। परंतु हम... यह हम जो कर सकते थे, सब से अच्छा, इस समय में। आप जानते है। आप समझते है, मैं आश्वस्त हूं [भाई ब्रन्हम खांसते हैं—सम्पा।] मुझे क्षमा करें।

क्या आप इस वाले से अच्छा सुन सकते है या इस वाले से? यह वाला यहां? अच्छा है, बस इसी के आसपास मैं पास में हूं [भाई नेविल कहते है, "*ये* वाला काम कर रहा है। *यह*—*यह* रिकॉर्डिंग माइक है।"—सम्पा।] *ये*, रिकॉर्डिंग वाला है। ठीक है। ठीक है, श्रीमान।

3 अच्छा, बीती रात्रि आपको आनंद आया? मैं... निश्चय ही हमें मिला, और प्रभु ने हमें आशीष किया। वहां संदेश के विषय में बहुत सारी बातें कही जा सकती थी, परंतु मैंने सोचा हो सकता है आप इसका अध्ययन कर सकते हैं, आप जानते है, और आप अनुभव करेंगे, और पंक्तियों के बीच में, वह घड़ी जिसमें हम जी रहे है। हम ठीक अंत के समय पर है। और मैं यह विश्वास करता हूं। निसंदेह, हर व्यक्ति ने ये सोचा कि, मैं समझता हूं,

जब से यीशु ने वापसी की प्रतिज्ञा दी। परंतु, आप जानते हैं, इन्ही किन्ही दिनों में वह आने वाला है, जो भी है, देखिए। घटने के लिए कुछ बचा नहीं है, मैं नहीं देखता, केवल कलीसिया का उठाया जाना।

4 अब इसके पहले कि संदेश पर आए इस प्रात: मैं चाहता हूं, कि *उल्टी गिनती* के विषय पर, और अब हम... और आज रात्री, याद रहे आज रात्री की सभा अब, *उसकी उपस्थिति में रहना है*। समझे? और हम जल्दी, जल्दी करने का यत्न करेंगे, जल्दी, ताकि आप निकल सके, हम सोमवार प्रात: को फिर से काम पर हो। और हम आप सब के आभारी है। मैं बस नहीं जानता कि हम क्या करेंगे, और मैं आपके बिना क्या करूंगा। मैं बस—मैं बस आपके बिना कुछ नहीं कर सकूंगा।

5 और मैं बहन विलीयम को विशेष धन्यवाद देना चाहता हूं, मैं समझता हूं कि मैं उस महिला को जानता तक नहीं। जब मैं इस प्रात: जागा, मेरा भाई चार्ली कोक्स वहां था, और—और—देवडी पर खाना भरा पड़ा था, डिब्बे वाला सामान और चीजें। कैसे उस बेचारी महिला ने इस गर्मी में पसीना बहाया होगा, डिब्बे में सामान डालना, टमाटर और खाने की चीजें। अब, इसका मेरे लिए बहुत ही अर्थ है। और बहन विलीयम, मैं विश्वास करता हूं उन्होंने आपकी बाईबल वहां प्रार्थना के लिए छोड़ दी है, प्रार्थना के लिए कहा कि परमेश्वर करेगा... मैंने इस प्रात: कमरे में प्रार्थना की जब मैं संदेश के लिए अध्यन कर रहा था, कि परमेश्वर बाईबल के अंश लेगा और आपके ह्रदय पर रखेगा। और मैं प्रार्थना करता हूं कि परमेश्वर आपको आशीष देगा। चाहता हूं कि बहन मैं इसके लिए आपको भुगतान कर सकू, मैं निश्चय ही जानता हूं आपने इसमें बहुत ही पसीना बहाया है। और मैं आपको बहुत धन्यवाद देता हूं! यह कहना बहुत कम है, परंतु मैं आपको एक वचन दूं जहां हम जानते हैं, जैसा कि मैंने बीती रात्री कहा, असफल ना होगा। यीशु ने कहा, "मेरे इन छोटे से छोटे के साथ," और जो करोगे, देखो, "जो तुमने किया मेरे लिए किया।" और यह आपको वापस होने पाए, जिस प्रकार से यह होगा, यदि ये आपने सीधे उसके हाथों में दिया होगा। परमेश्वर इसके लिए आपको आशीष दे।

6 आप सबको धन्यवाद। जब आप लोग यहां पर है, और मैंने दसवांश आदि में पाया जो आप देते हैं, यह आपका विश्वास जो हम में है, कि यह परमेश्वर के राज्य के लिए जाएगा। अब, हम इसके लिए उत्तरदायी है,

देखिए, और इसका हिसाब देना है। इसलिए जो हम करते है, उस हर चीज पर ध्यान देना है कि हर कार्य सिद्ध जितना हम कर सकते है, जिस प्रकार हमारा प्रभु इसे चाहेगा, क्योंकि हम नहीं जानते कि किस समय वह हमें उत्तर देने के लिए बुलाएगा, और हर चीज का हिसाब लेगा जो भी हमारे मार्ग में है।

7 यही कारण है कि मैं सोचता हूं पौलुस, बीती रात्री, उसके पास एक ही कोट था। समझे? उसके पास और भी हो सकते थे, परंतु नहीं हुये। वहीं एक कोट एक बार में उपयोग कर सकता था, इसलिए उसने बस एक ही रखा। मैं नहीं सोचता कि उसने संसार की संपत्ति की चिंता की। लोकप्रियता के लिए की, आप जानते हैं कि मेरा क्या अर्थ है, हर कोई अपने महान धार्मिक अभियान में जैसा कि यह आज है। और बहुत सारे लोग...

8 मैं जानता हूं कि यह टेप किया जा रहा है। और जब मैं बातों को यहां पर कहता हूं, मैं अनुभव करता हूं कि मैं केवल इसी भक्तमंडली से ही बात नहीं कर रहा हूं, परंतु सारे संसार से। और मैं... क्योंकि यह टेप पर बहुत सारे राष्ट्रों में, बाहर जाएगा, और वे इसे अफ्रीका में आदिवासियों में भी ले जाएगे, और वहां बैठ कर, और सेवक इसे वहां ले जाते हैं, और लोगों में इन टेपों का अर्थ बताते हैं, वहां जहां वे उल्टा और सीधा हाथ भी नहीं जानते सारे। समझे? वहां दूर ऑस्ट्रेलिया और वहां से होते हुए जहां लोग... यह भी एक ही बात कि वे खाते है... जिस प्रकार से वे चीनी प्राप्त करते है, छोटी सी सीपी लेते हैं और चीटियों के झुण्ड को खोदते और इस प्रकार से उनकी पीठ को काटकर अलग करते। इस प्रकार से वे अपनी चीनी पा कर जीवित रहते है। और उनके पास कपड़े नहीं है, उनके पास कुछ नहीं है। एक बूढ़ा कंगारू लेकर उसे आग में डालते है, उसके अंदर कि, ओते और सारी चीजें, और उसे थोड़ा सा खुरचकर और फिर उसे खाते है। और ये कि, यह भयानक है। और याद रखें, ये टेप वहां बजाए जाएंगे। संदेश जो आप यहां सुन रहे है वहां सुनाये जाएंगे, सैकड़ों मिशनरियों के द्वारा ये टेप ले जाए जाएंगे और वहां बजाएंगे और लोगों को अनुवाद सुनाया जाएगा। इसलिए, आप देखते है, जब मैं वहां न्याय के दिन में पहुंचुंगा, आप देखिए मेरे कंधों पर कितना भार है? क्या हो यदि मैं किसी को बहकाऊ? समझे? आप वहीं पर है। उन प्राणों के विषय में जरा सोचें, यदि मैं उन्हें बहका दूं, गलत बातों से।

9 इसलिए मेरे भाइयों मैं उन संस्थाओं में आया हूं। और उन में से बहुत से अच्छे लोग है, उनमें अधिकांश, इसके लिए मैं आनंदित हूं। परंतु उनमें से कुछ ऐसे हो गए... और अगुवे अक्सर ऐसे स्थान पर आ जाते है कि वे उन से समझौता करते हैं और इस प्रकार बनाते है, ओह, जैसे राजनीतिक मामला हो। वे इसमें राजनीति खेलते है। और, इसमें, वे परमेश्वर के वचन से अलग हो जाते है।

10 और मुझे परमेश्वर के वचन के साथ बने रहना चाहिए। मुझे—मुझे वही रहना चाहिए। और इसे इस पर आना ही है। और मैं—मैं—मैं मुझे इसके साथ ही चलना है, बस। इसलिए और हम... आप जानते है, हम एक छोटा गाना गाया करते थे, "हम समय की धार के साथ नीचे जा रहे है, हमें यहां अधिक नहीं रहना है।" आपने ये सुना है। "तूफानी बादलों का अंधकार चमकते दिन में बदल जाएगा" ये ठीक बात है। "हम सारे हिम्मत रखें, क्योंकि हम अकेले नहीं छोड़े गए है" ये ठीक बात है। "जीवन रक्षक नाव जल्द आ रही है, रत्नों को जमा कर के घर ले जाए," यही समय है, जहां मैं एक कोट पाने की आशा करता हूं जो कभी ना फटेगा, यही बात है, वह अनंत। और मुझे परमेश्वर के प्रति सच्चा होना चाहिए, पृथ्वी की चीजों पर ध्यान ना देते हुए, जब तक मैं वहां ना पहुंचु। और फिर हम होंगे... वे ही जो अंत तक रहने वाले है।

11 इसलिए मैं इन तीस में... सेवकाई का 32 वर्ष चल रहा है, मैंने वचन के साथ सच्चा बना रहने का यत्न किया। मैं एक भी चीज नहीं जानता जो मैंने कभी बदली हो, क्योंकि मैंने यह बाईबल से पढ़ा है, कहां जो बस बाईबल ने कहा, और इसे ऐसे ही चलने दो। और इसलिए मुझे वापस नहीं लेना पड़ा या फिर से व्यवस्थित करना, क्योंकि मैंने वही कहा जिस प्रकार से बाईबल से कहती है। और, मैंने पाया, यदि परमेश्वर ने कुछ कह दिया, तो फिर हमें उसी वचन के साथ जाना है ताकि उसे हम पूरा कर सके। हमने देखा है, जैसा कि मैंने आपको बीती रात्री बताया, हाल ही का दर्शन, देखिए, कि ये... मुझे वहां होना है, और चेतावनी वहां होनी है, उस स्थान के लिए छः महीने पहले बता दिया, और वहां खड़ा होता हूं और कह रहा हूं, "वहां जाओ," (तीन बार) "उनके साथ।" और मैं दूसरे व्यक्ति के साथ चला गया। और दर्शन ठीक वैसे ही घटित हुआ, परमेश्वर का भाग और मैं खड़ा रह गया था। इसलिए हम याद रखना चाहते है, आपको वचन पर टिके रहना है, बस वचन के साथ बने रहे। और जहां वचन अगुवाई करें, आप

ठीक वचन के साथ जाए, और ये आपको शांती के साथ बाहर लाएगा, मैं निश्चित हूं।

12 अब, मैं जानता हूं कि आप लोग यहां आठ बजे से है, और इस समय लगभग दस बज रहे है। ये है। इसलिए आईए, हम अपने प्रभु से प्रार्थना करें। क्या कोई विशेष निवेदन है? मैं यहां बहुत से रुमालो को रखे हुए देखता हूं। निवेदनो के लिए अपने हाथों को उठाये। परमेश्वर आपको आशीष दे। अब वह... ये जानने के लिए मैं उसे लंबे समय से जानता हूं, कि वह हर हाथ को देखता है, और हर ह्रदय को जानता है, और करने के लिए केवल एक चीज बची है कि उससे मांगे। और आप इसका विश्वास करते है, और ये हो जाता है। अब, आप विश्वास करें, जैसे कि हम प्रार्थना मांगते है।

13 स्वर्गीय पिता, अब हम परमेश्वर के महान सामर्थी सिंहासन की ओर बढ़ रहे हैं, स्वाभाविक देह में एक मरणहार जीव, फिर भी हमारी आवाजे वचन बोल रही है जो उस महान सिहासन से आ रही है, उस दूसरे आयाम से जहां परमेश्वर बैठता है। क्योंकि, यीशु ने कहा, “तुम पिता से कुछ भी मेरे नाम से मांगो, मैं वह करूंगा।” और उसने हमसे कहा सन्देह ना करो, परंतु, जब हम प्रार्थना करते है, ये विश्वास करते हुए कि हम पाते है जो कुछ हमने मांगा, और ये हमें दे दिया जाएगा। कहा “यहां तक कि तुम इस पहाड़ से कह सकते हो ‘हट जा,’ और अपने ह्रदय में संदेह ना करो परंतु विश्वास करो, जो तुमने कहा वह हो जाएगा, और जो तुमने कहा तुम पा सकते हो।” पिता, हम जानते है कि यह इतना सत्य है। हम दिन प्रति दिन देखते है, और आपके वचन में कोई गलती नहीं है। यह क्योंकि हम उस स्थान पर नहीं हो सकते, कभी कभी हमारा विश्वास वहां तक नहीं जाएगा, हम घबरा और सन्देह करते है। परंतु, इस सुबह, प्रभु, हम आने का यत्न कर रहे है, उस नई आशा के साथ, जो मसीह की जीवन डोर को पकड़े हुए हैं, और उसकी प्रतिज्ञा। और हम परमेश्वर की उपस्थिति में आ रहे हैं, यीशु के नाम के द्वारा।

14 प्रभु, मैं निश्चित हूं कि आप सारे निवेदनो को जानते है, जो इस प्रात: उठे हुए हाथ के नीचे है। मेरा भी उठा हुआ है, और, प्रभु, यह निरंतर आप पर है, क्योंकि मैं एक जरूरतमंद व्यक्ति हूं। और मैं प्रार्थना करता हूं आप हर निवेदन को स्वीकार करेंगे। प्रभु, इनकी और देखे और इनके निवेदनो का उत्तर दें, एक छोटे से बूढ़े तक, छोटे से निवेदन से बड़े निवेदन तक।

तब, पिता, इन्हें उत्तर दे, हर एक को। मैं यीशु के नाम में मांगता हूं। तब प्रभु, मेरा भी याद रखें।

15 और मैं प्रार्थना और धन्यवाद देता हूं कि आपने हमारी देहो को विश्राम दिया, और उस ज्ञान के लिए जो आपके वचन का हमारे पास है, और आत्मा कि जो समझ हमारे पास है, और निरंतर प्रार्थना कर रहा हूं कि आप हमें महान समझ देंगे, ताकि हम बेकार में, फूलने वाले लोग ना हो इसके द्वारा, परंतु एक नम्र लोग, ताकि पवित्र आत्मा हमें अपने काम में ला सकने के योग्य हो कि परमेश्वर के वचन को पूरा करें, और हमें यहां यथा स्थान में रखें, जहां हमें इस घड़ी में होने की आवश्यकता है। क्योंकि हमें यही स्थान में होना चाहिए कि ये घटित हो। और प्रभु, हम यह चाहते है। यदि मेज के पीछे ये ग्रहणी है, यदि यह—यह कारखाने के मनुष्य के लिए है, जिसके हाथ में पाना हो, और एक गवाही, यदि प्रचार मंच पर यह सेवक के लिए हो, या डिकन या ट्रस्टी, या एक एक बच्चे के लिए विद्यालय में, या युवक कक्षा में विचार विमश में, प्रभु, ये जहां कहीं भी हो, हम ठीक समय पर वहीं पर हो। क्योंकि हम जानते हैं कि आपने प्रतिज्ञा की है, और यह घटित होने जा रहा है, क्योंकि आपने ऐसा कहा है, और, इसी कारण से हमारा विश्वास इस पर बना है।

16 अब, प्रभु, हम अनुभव करते हैं कि हमारे पास अधिक लंबा समय नहीं है। समय आ रहा है। हम बाहर के अंतरिक्ष से कोहरे को अनुभव कर सकते है, जैसे कि यह भीतर आता है। हम जानते हैं कि परमेश्वर का न्याय और क्रोध आने के लिए तैयार है। हम उसके प्रभाव को पहले ही अनुभव कर सकते है। और, प्रभु, हम प्रार्थना करते हैं, कि आप हमारी सहायता करेंगे।

17 और अब, प्रभु, मेरी सहायता करें इस प्रात: इस छोटे से संदेश पर, लगभग तीस मिनट का, *उल्टी गिनती* कहलाया। प्रभु, हमारी सहायता करे, कि इसे सही समझे हम जहां पर है।

18 और अब हमें पवित्र करें, प्रभु, हमारे पाप और अपराध हम से दूर कर दे, और होने पाए इस प्रात: एक भी व्यक्ति, खोया हुआ ना हो, होने पर हर कोई तैयार हो, उस महान घेरे में, जब हम उस ओर मिलते है। जब नाम पुकारा जाए, एक के बाद दूसरा नाम मैं सुनने पाऊं कि “उपस्थित” हूँ। हम इसी की प्रतीक्षा कर रहे है, प्रभु। और बूढ़े सदा के लिए युवा हो

जाएंगे, एक ही क्षण में बदल जाएंयेंगे, मरणहार, उसकी समानता में खड़े होंगे, सूर्य और सितारे धुधले, जैसा कि डेनियल ने कहा, "वे जो बहुतों को धर्मी बना देते हैं, सदा सितारों की नाई चमकेंगे।" परंतु हम सुनते हैं जो अपने भविष्यवक्ता से कहा है, "डेनियल, चला जा, क्योंकि तू अपने भाग में विश्राम करेगा, परंतु उस दिन तू खड़ा होगा।"

19 ओह परमेश्वर, हम यीशु के लहू में हो कर योग्य गिने जाए, हमारे में कोई योग्यता नहीं है, जिसका दावा करें, परंतु उसकी योग्यता में होकर हम योग्य हो जाए कि उस दिन खड़े हो, जैसा कि हम अपनी गलतियों को स्वीकार करते हैं, और उसकी धार्मिकता में खड़े होने की इच्छा रखते हैं, उस महान भविष्यवक्ता डेनियल के साथ और वे सब खड़े होंगे जब इनाम दिया जाएगा। तब तक, प्रभु, हमें अपने हाथों में एक साधन बनाएं। इस प्रातः हमारे कानों को साधन बनाए कि आपके वचन को सुने। मेरे होठो को ये बोलने के लिए साधन बनाये। क्योंकि हम ये यीशु के नाम में मांगते हैं, और हमारी समझ परमेश्वर की इच्छा को समझे। आमीन।

20 इसे आरम्भ करना कठिन है, ये प्रतीत होता है आप में से बहुत से कह सकते है और—और कहना चाहते है, और ऐसा लगता है कि इतना थोड़ा सा समय इसे कहने को हो सकता है। इसके पहले मैं—मैं छोड़ू। बीती रात्री मैंने कहा, हो सकता है हमें अवसर मिले कि—कि बाईबल की एक पुस्तक को चलाये, इस वसंत या जाड़े में, छोड़ने के पहले। जा रहा हूं, मैं समुंदर पार जाना चाहता हूं, प्रभु ने चाहा, बड़े दिन के बाद किसी समय।

21 मैं चाहता हूं इस सुबह आप पढ़ने के लिए निकालें, इब्रानियो का 11 वा अध्याय। और अब ध्यान पूर्वक सुने इस पढ़े जाने को। मैं तीसरे पद पर—पर जोर देना चाहता हूं।

> *अब विश्वास आशा की हुई वस्तुओं का निश्चय, और अनदेखी वस्तुओं का प्रमाण है।*
>
> *क्योंकि इसी के विषय में प्राचिनो की अच्छी गवाही दी गई।*
>
> *विश्वासी ही से हम जान जाते हैं कि सारी सृष्टि की रचना परमेश्वर के वचन के द्वारा हुई है, पर यह नहीं कि जो कुछ देखने में आता है वह देखी हुई वस्तुओं से बना हो।*

22 अब भूमिका के लिए यह कुछ विचित्र विषय है, वह विषय जो में उपयोग मैं—मैं लाना चाहता हूं। दिखने वाली चीजों से चीजें नहीं बनी है। अब इस सुबह मैं इस विषय का उपयोग करना चाहता हूं, *उल्टी गिनती* क्योंकि मैं इसका भविष्यवाणी कि तरह से—से समांतर बनाना चाहता हूं। बीती रात्रि मैं थोड़ा वचन पर सिखाना चाहता था; इस प्रात: भविष्यवक्ताई संदेश; और आज रात्री एक सुसमाचार का संदेश।

23 अब चीजें जो चीजों से बनी थी जो दिखाई नहीं पड़ती। अब, मैंने इन से वर्षो से होते हुए सीखा, वे सारी चीजें जो स्वाभाविक है आत्मिक चीजों का प्रतीक है, हर चीज जो स्वाभाविक है। और अब याद रखें, जब आप किसी चीज को प्रकृती में देखते हैं, यह आत्मिक चीज का प्रतीक है। समझे? सारी चीजे जो उन चीजों से बनी है जो दिखाई नहीं पड़ती। देखिए, वह स्वाभाविक जो आत्मिक को प्रतिबिंबित करता है।

24 अब, जैसे मैं कुछ दिनों पहले अध्यन कर रहा था, और मैं विश्वास करता हूं मैंने बीती रात्रि में उल्लेख किया, हल्का सा कि मैं पढ़ रहा था जहां... या रेडियो पर सुन रहा था, जो कनाडा से आ रहा था, कि कहां वह डॉक्टर यहां संयुक्त राज्य में है जिसने यह—यह वक्तव्य दिया कि "मनुष्य एक करोड़ चालीस लाख वर्षों का विकास है।" उन्होंने इटली में एक हड्डी, 1800 में, खोदी लगभग 1800 में, कि यह हड्डी मनुष्य की हड्डी है जो कि रही थी... हो सकता के द्वारा... जब कि वे ये करते है, कि बताएं कि यह कितनी पुरानी थी, और डॉक्टर जैसे कि एक बूढ़ा मनुष्य जिसने अपने सारे जीवन भर इस हड्डी का अध्यन किया। और वह कहता है, "यह हड्डी मनुष्य की हड्डी है, यह एक करोड़ 40 लाख वर्षों पुरानी है।"

25 अब, यह कितना निर्थक है! कैसे किसी मनुष्य ने अपना जीवन कुछ नहीं के लिए लगा दिया, परमेश्वर के वचन को असत्य प्रमाणित करने को, और उसे इसमें कुछ नहीं मिला, सिवाये ना मिलने वाला गंतव्य। और कोई भी जानता है कि यदि आप एक हड्डी को जमीन में गाड़ देंगे, बीस वर्षों में वह हड्डी बदल जाएगी। और 100 वर्षों में वह हड्डी लगभग समाप्त होने को हो जाएगी, बस उसके टुकड़े, और कोई मतलब नहीं आप उसे कैसी अवस्था में रखते है। समझे? और हजार वर्षों में उस हड्डी का क्या होगा, दस हजारो वर्ष? दस गुना में क्या होगा, दस लाख होंगे? तब 14 गुना दस लाख। ओह, प्रभु! यह तो बस... ऐसी बात का सोचना समझदारी भी

नहीं। एक हड्डी 14 करोड़ वर्ष नहीं चलेगी किसी भी स्थिति में कोई भी। यह जानता है। उसने कुछ हड्डी जैसा दिखने वाला कुछ ले लिया होगा। और फिर वे कितनी अच्छी तरह बता सकते हैं कि यह 14 करोड वर्ष पुरानी है? समझे? कुछ भी है, परमेश्वर ने मनुष्य को पृथ्वी पर छ: हजार वर्ष पहले बनाया, यह तय हो गया

26 कोई कुछ समय पहले मेरे साथ इस पर चर्चा कर रहा था, मेरी एक सभा में। मैं मनुष्य की क्रम विकास पर बोल रहा था, और कहा वह केवल छ: हजार वर्ष पुराना है। और इस मनुष्य ने कहा, "भई, भाई ब्रन्हम, हम सिद्ध कर सकते हैं कि यह संसार लाखो वर्ष पुराना है। इसलिए वह जिस विषय में आप बात कर रहे है, आप पूरी तरह से गलत है।"

मैंने कहा, "क्या आप बाइबल का विश्वास नहीं करते? "

उसने कहा, "मैं विश्वास करता हूं कि मनुष्य ने बाइबल लिखी है।"

27 और मैंने कहा, "सही है कि मनुष्य के हाथों ने अक्षर बनाए है, परंतु पवित्र आत्मा हाथ के पीछे था। देखिए, अक्षर बनाये क्योंकि बाइबल ऐसा कहती है।"

28 और उसने कहा, "अच्छा, वहां—वहां आप स्वीकार कर रहे हैं, संसार के मामले में वे गलत है।"

मैंने कहा, "बाईबल कभी भी गलत नहीं है, कभी गलत नहीं।"

29 उसने कहा, "अच्छा, यदि संसार बोला," कहा, "क्या, आप पहाड़ों को देख सकते हैं कि वे ज्वाला मुखी से कैसे उभारे गए थे।"

मैंने कहा, "परंतु आप केवल... "

उसने कहा, "और परमेश्वर ने संसार को छ: दिनों में बनाया।"

30 मैंने कहा, "अब बाईबल ने यह नहीं कहा। आपने बस सोच लिया कि इसने यह कहा।" मैंने कहा, "आपके तर्क को तय करने के लिए चलिये हम पीछे की ओर चलते है। उत्पत्ति के पहले अध्याय ने कहा, 'आदि में परमेश्वर ने आकाश और पृथ्वी को बनाया' समय काल! कितने समय से वह यह कर रहा था, मैं नहीं जानता। उसने हमें यह नहीं बताया। परंतु, 'आदि में परमेश्वर ने आकाश और पृथ्वी को बनाया' समयावधि! तब, 'और संसार था... बेडौल।'" ये जब परमेश्वर ने इसे उपयोग में लाना आरंभ किया। समझे? इसलिए वे बिना बात के माथा पच्ची करते है। समझे? समझे?

31 परमेश्वर ने संसार बनाया। वह इसे सेकडो अरबो वर्षों में बना रात सकता होगा; मैं नहीं जानता कितना समय वह था, परंतु उसने इसे बनाया। और उसने नहीं बताया कितने समय में वह था, और यह हमारा मतलब नहीं कितना समय ये था। उसने कहा, “आदि में परमेश्वर ने आकाश और पृथ्वी की सृष्टि की।” समय अवधि! यह तय हो गया। इसका बस यही है। कितने समय से वह यह कर रहा था, ये नहीं... परंतु तब सृष्टि फलने फूलने लगी, दूसरे समय में, जब उसने आरंभ किया।

32 और मैं विश्वास करता हूं, कि वहां, हर चीज पृथ्वी पर स्वर्ग को परावर्तित करती है। मैं ये विश्वास करता हूं, क्योंकि आप देखिए हर चीज जीवन के लिए संघर्ष कर रही है, क्योंकि एक जीवन है जो कहीं से परावर्तित है। और मैं विश्वास करता हूं जब परमेश्वर ने मनुष्य को बनाया, उसने छोटी चीजों को परावर्तित किया जैसे कि पशुओं का जीवन, और अगले चीज जो उसने सृष्टि की थी, कुछ भिन्न थी। ठीक इसी प्रकार से बाइबल कहती है, उसने यह किया। उसने पहले पेड़ और वनस्पति जीवन बनाया, और उसने मनुष्य बनाया और तब अंतिम चीज, जो पृथ्वी में से आई सृष्टि के रूप में मनुष्य था, इसके ऊपर कभी कुछ नहीं आया। क्योंकि क्यों? यह स्वर्ग का सबसे ऊंचा सिद्ध परावर्तन था जो कि परमेश्वर, मनुष्य था। समझे? परमेश्वर एक मनुष्य था, इसलिए ये इसे सिद्ध करता है। और जब परमेश्वर हमारे बीच निवास करने के लिए उतर आया, वह एक मनुष्य था। समझे? एक मनुष्य, इसलिए यह ये दर्शाता है कि विकास क्रम की सिद्धता परमेश्वर था, जो कि एक मनुष्य है।

33 और तब आप एक पेड़ को ले (आप एक घास और आदि) एक पेड़ ले, यह जीवन के वृक्ष को परावर्तित करता है, जो कि स्वर्ग में है। ये सारी चीजें सिद्धता के लिए संघर्ष कर रही है। और प्राकृतिक में हर चीज, जैसा इब्रानियों यहां पर कहता है, कि चीजे ना दिखने वाली से बनी। दूसरे शब्दों में, वे अलौकिक है। और अलौकिक स्वाभाविक को परावर्तित कर रही है। समझे? अब, तक स्वाभाविक अनंत थी, या ये अलौकिक के साथ सदा के लिए थी, परंतु पाप ने स्वाभाविक को दूषित कर दिया। इसलिए, यदि यह इस प्रकार था, जो कि मैं विश्वास करता हूं, ये है हर चीज जो पृथ्वी पर घटित हो रही है, वह आत्मिक चीजों का प्रतीक है जो घटित हो रही है। समझे? इसे किसी चीज को परावर्तित करना है, मनुष्य की उपलब्धि।

34 अब, हम पाते हैं, जैसे कि स्वाभाविक देह, यहां स्वाभाविक देह है, और देह इसलिए बनाई गई कि अपने आप को उत्पन्न करें, जो कि बालक थे। और अब स्वाभाविक देह बालक के स्वाभाविक जन्म में, हम पाते हैं कि पहली चीज जो आती है जल है, फिर लहू, और फिर जीवन। हम पाते हैं मसीह कि आत्मिक देह पहली चीज जल, और लहू और जीवन; न्यायोचित, पवित्रीकरण पवित्र आत्मा का बपतिस्मा। देखिए, कैसे ये परावर्तित करता है, सारी स्वभाविक वस्तुये आत्मिक चीजों को परावर्तित करती है। स्वाभाविक जन्म।

35 उदाहरण के लिए, हम लेते है, मिलने के लिए विवाह। हम ये पाते है कि, विवाह; हम पाते हैं प्रणय निवेदन, और सहमतिया, और फिर विवाह। यह सारे समय के लिए तय हो जाना चाहिए। अब, यही चीज ये मसीह और कलीसिया के साथ है। समझे? एक प्रणय निवेदन, परमेश्वर हमारे हृदय में बुलाहट भेजता है; हम समर्पित हो जाते हैं; विवाह समारोह; और दुल्हन, दूल्हे का नाम ले लेती है। समझे? समझे? समझे? यही है यह, यह दुल्हन को बनाता है। अब, दुल्हन सदा दूल्हे का नाम लेती है।

36 यहां बहुत सारी चीजें है, जिन पर हम बोल सकते है। मेरे पास यहां सूची लिखी हुई है इसे लेने के लिए लगभग दो घंटे चाहिए, और इसके पक्ष में पवित्र वचन, जैसे कि यदि आप चाहते हैं उन में से कुछ यहां इसके पक्ष में है। जैसे पहला यूहन्ना 5:7, जो कि स्वाभाविक और आत्मिक जन्म को दर्शाता है, आदि आदि, "जल, लहू और आत्मा।" और तीन स्वर्ग में, "पिता, पुत्र और पवित्र आत्मा," ये तीनों एक है। तीन है जो यहां पृथ्वी पर सहमत है, वे एक नहीं है, परंतु वे एक सहमत है, पृथ्वी में, ये "जल लहू और आत्मा।" देखिए, "जल लहू और आत्मा," जैसे कि जैसे कि स्वाभाविक जन्म का प्रतीक।

37 इसलिए यदि एक मनुष्य इस विचार पर रुक जाता है, "बस न्यायोचित होना ही आपके लिए सब कुछ है," वह गलत है, गलत। उसे गलत होना ही है। और तब यदि कलीसिया जो बहुत सारे पेंटीकोस्टल के समान विश्वास करती है, कि पवित्र आत्मा ये है, "बस यही है, बस प्रायश्चित करो और पवित्र आत्मा पाओ," वे अब भी गलत है, क्योंकि आपको पवित्र होना ही है, शुद्ध होना इसके पहले कि पवित्र आत्मा अंदर आए। यदि आप नहीं करते, आप लहू को छोड़ देते है। समझे? और नया जन्म, जैसा कि लोग

बात करते है नया जन्म पवित्र आत्मा का बपतिस्मा। नये जन्म से अलग है। नया जन्म जब आप फिर से जन्म लेते हैं। परंतु पवित्र आत्मा जब सामर्थ उस जन्म में आती है, सेवा के लिए। बिल्कुल ठीक। समझे? पवित्र आत्मा... पवित्र आत्मा में बप्तिस्मा पाना।

38 नया जन्म, जब आप, प्रभु यीशु मसीह पर विश्वास करते हैं, वह नया जन्म है। समझे? उस पर विश्वास और उसे अपना बचाने वाला स्वीकार करना, यह जन्म है, देखिये, क्योंकि आप मृत्यु से पार हो कर जीवन में प्रवेश कर गए। अब, यदि आप इस इसकी सहायता में, यूहन्ना 5:24 लेना चाहते हैं, "वह जो मेरे वचन सुनता और जिसने मुझे भेजा उसका विश्वास करता है, उसके पास अनंत जीवन है," देखिए, उसके पास जीवन है क्योंकि वह विश्वास करता है। और उसी झुंड को पेंटीकोस्ट पर पवित्र आत्मा से बपतिस्मा पाने को जाना है। बिल्कुल ठीक।

39 पवित्र आत्मा सेवकाई के लिए सामर्थ है। इसलिए जब आपके विषय में बात होती है कि नया जन्म पाना ही है, और इस पर पवित्र आत्मा को लागू करते है, बहुत सारे मैथोडिस्ट और आदि–आदि। यहां पर गलत है ये नहीं हो सकता। यह वचन के साथ मेल नहीं खाएगा, यहां पर। आप बातों को एक ओर ले जाते है। इसे उसी प्रकार से लेना है, जैसे पवित्र वचन इसे वहां पर रखता है। समझे? और पवित्र आत्मा एक... "इसके पश्चात आपको नया जन्म प्राप्त करना होगा?" क्या? नहीं। "तुम समझ पाओगे," प्रेरित 1:8, "इसके पश्चात पवित्र आत्मा आप पर आएगा।" समझे? और उन्होंने पहले ही अनंत जीवन का विश्वास कर लिया था, और आदि–आदि, परंतु उन्हें सामर्थ के लिए पवित्र आत्मा पाना था। "और जब तुम पर पवित्र आत्मा आएगा, तो तुम मेरे गवाह होंगे," क्योंकि पवित्र आत्मा पुनरुत्थान का गवाह है, यह दर्शाता है कि आप मसीह में एक वयस्क हो गए है।

40 अब, स्वाभाविक। सारी चीजें आत्मिक है, सारी घटनाएं और आदि–आदि, या अलौकिक का प्रतीक है, या—या स्वाभाविक अलौकिक का प्रतीक है।

41 अब, मैं विश्व मेले में गया था, जबकि हम इसके पास ही थे, वहां स्पोफेन में, और मैंने सोचा मैं अपने परिवार को ले जाऊंगा।

42 क्योंकि मैं केवल एक ही विश्व मेले में या संयुक्त राज्य में, और ये तब जब शिकागो में था, वर्षों पहले, होप और मैं गए थे। और हम वहां एक दिन भी नहीं एक पाये, जेब कतरे, और सारी चीजें। उसके पास पिन थी जो चाचा के लड़के ने दी थी, और मैं उसके साथ साथ चल रहा था, किसी ने पिन निकाल ली। बस... यह भयानक था। और इसलिए मैं... हम एक दिन रूके और वापस आ गए।

43 परंतु विश्व मेले में, मैं अपने परिवार को ले गया। ये लूईविल वाले मेले से अधिक नहीं था वहां पर। आपने देखा वे वहां अंतरिक्ष सुई के विषय में बातें कर रहे थे, वह कुछ नहीं था केवल एक एलस्ले भवन में जाना... या ब्राउन भवन में, या कहीं 8 या 10 कि लिफ्ट की उड़ान भरना और वापस नीचे आना। यही था वह। और मैं सोचता हूं कि जनरल इलेक्ट्रिक वाले थे, जिनके पास यहां था। परंतु वहां पर एक बात जो अलग थी। अब, जर्मन वाले भी अपना प्रदर्शन कर रहे थे, रूस और दूसरे राष्ट्रों के पास यह था, क्योंकि यह एक विश्व मेला था। जर्मन, फ्रांस और वे छोटे प्रदर्शन अधिक बड़े कमरे में नहीं थे, इससे जहां यह प्रचार मंच पर रखा है।

44 परंतु वैज्ञानिक की अपनी उपलब्धियां थी, और विशेष बात कि वे—वे तंबाकू के उपयोग पर, अभ्यास कर रहे थे। और यदि कोई व्यक्ति धूम्रपान करता और वहां चला गया, और बाहर निकल कर फिर से धूम्रपान करता, तो फिर उस व्यक्ति के मस्तिष्क में कुछ गड़बड़ है। जब मैंने उन्हें अपनी आंखों से सिगरेट लेते देखा और उसे मशीन में रखा, तंबाकू के—के धुए को खींचा और उसे रसायन की नली से होकर निकाला, और वह सफेद कैंसर से भर गया, एक सिगरेट से। और तब उसने कहा, "बहुत से लोग कहते है," समस्त संसार में, यह सबसे बड़ी उपलब्धि है, कहा, "बहुत से लोग कहते है, 'मैं इसे अंदर सांस में नहीं लेता।'" और वैज्ञानिक ने स्वयं एक सिगरेट लेकर उसमें एक कश खींचा, और अपनी नाक से नहीं निकाला, या जो भी हो उन्होंने इसे अपने फेफड़ों में उतार लिया, परंतु इसे अपने मुंह से अंदर रखा और फिर इसे उन्ही रसायनों में फूंक दिया, उसमें कैंसर का कुछ नहीं था। कहा, "यह कहां चला गया? मेरे मुंह में। जब मैंने इसे सटका, यह मेरे पेट में चला गया।" उसने कहा, "अब... "

45 तब विचार आया, "डॉक्टर क्यों कहते हैं कि सिगरेट नुकसानदायक नहीं है? "

46 उसने कहा, “कोई भी मनुष्य जो अपना जन्म का अधिकार बेचेगा! एक डॉक्टर इस प्रकार का वक्तव्य देता है, वह सेवानिवृत्त हो सकता है, क्योंकि वे सिगरेट की कंपनियां उसे इतना दे देगी कि सेवा से हट जाये।” वास्तव में वह अपना जन्म का अधिकार बेच देता है, क्योंकि उसने इस प्रकार की चीजें ना करने की शपथ खाई है। परंतु जो भी है वे इसे करते है।

47 और उसने कहा, “अब यह पर वह यंत्र है। हम आपको वैज्ञानिक उपलब्धि से यह सिद्ध कर के दिखाएंगे।” और उनके पास यूल ब्राइनर था, आप जानते है, वहां एक फिल्मी सितारा वह। और जब, वह छोटा निकोटिन का पार्सल... उसने कहा, “अब वे कहते है, ‘छलनी वाला सिरा।’” उसने कहा, “एक मनुष्य जो यह करता है, वह बस अपनी मनोस्थिति प्रगट करता है। क्योंकि यदि आपके अंदर कोई धुआं नहीं है, आपके अंदर कोई तारकोल नहीं है और तारकोल धुआं बनाता है। और यदि आप छलनी वाली सिगरेट पी रहे है,” कहा, “तो यह आपकी संतुष्टि के लिए तीन या चार पीनी पड़ेगी, क्योंकि संतुष्टि के लिए अधिक तारकोल ही चाहिए।” यदि आप सिगरेट नहीं पीते है, तो वहां कोई तारकोल नहीं है। सिगरेट पीयेंगे तो तारकोल लेना ही है। इसलिए ये ऐसा है। कहा, “पिजीये, यदि आप सिगरेट पीने जा रहे है, उसे ही पिजीये जिसमें छलनी नहीं लगी है। पाते है... एक सिगरेट ही संतुष्ट कर देगी जब कि दूसरे की तीन पीए, क्योंकि आप उतना ही कम तारकोल ले रहे है।”

48 यह बेचने की तकनीक है! कुल मिला कर राष्ट्र बेचने की तकनीक से भरा पड़ा है, और गंदगी और सारी चीजें।

49 और तब वहां उसने वह लिया और दिखाया, कैसे वह एक छोटी गडरी, गले या फेफड़ों में आ जाती है। और पहले यह सफेद, फिर यह गुलाबी हो जाती है, और फिर गुलाबी से यह बैजनी हो जाती है। उस छोटी कोशिका के कण–कण कांच में से होकर *यह* बड़े दिखाई पड़ते हैं, परंतु, आप एक शक्तिशाली कांच लेते हैं और उस कोशिका को समतल में देखें। तब वह कहता है, “जब यह बैजनी हो जाती है, तो आपको कैंसर हो गया।” उसने कहा, “एक व्यक्ति जो सिगरेट की एक डिब्बी एक दिन में पीएगा, उसके लिए 70 प्रतिशत अधिक संभावनाये है कि वह कैंसर से मरे, बजाए उसके जो धूम्रपान नहीं करता।” ऐसा जोखिम उठाना एक मूर्खता है।

50 अब, और तब उसने दूसरी चीजें लेकर सिद्ध कर दिया, वह एक सफेद चूहा ले कर आया। और उसने एक सिगरेट ली और उसे एक यंत्र में डाला, और उसे सफेद संगमरमर के ऊपर प्रभावित किया और एक रूई का—का फोहा लिया, और उस निकोटिन को लिया जो उस एक सिगरेट से आयी और इसको चूहे की पीठ पर लेप दिया। और हर सात दिनों में दूसरा चूहा लिया। और हर दिन के पाठ के लिए उन्हें एक लेना था। और उस चूहे को सात दिनों के लिए रख दिया और उसे निकाला और चूहे की पीठ कैंसर से *इतनी* ऊंची हो गई। उनमें से कुछ सात दिनों तक जी नहीं पाए, चूहा हिल नहीं सका। मैं दो या तीन दिनों तक खाना नहीं खा पाया, उस घिनौनी चीज को देखने पर, वहां कैंसर के साथ खड़ा है, और यह उसके पैरों की ओर बढ़ रहा है और इस प्रकार की चीजे, एक बड़ा फूला हुआ आधा इंच का कैंसर चूहे की पीठ पर, निकोटिन की एक सिगरेट का। और आप सोचते है कि इसने उन्हें रोक दिया? वहां मेरे बराबर में एक बड़ा व्यक्ति बैठा हुआ था, और उसके चेहरे पर से पसीना छूट रहा था, बोला, "एक प्रकार से प्रभावित करता है, है ना? "

मैंने कहा, "क्या आप धूम्रपान करते है? "

उसने कहा, "जी हां, श्रीमान, मैं करता हूं।"

51 मैंने कहा, "भाई, तो फिर तुम्हें यह रोक देना चाहिए।" परंतु ये यही है, उपलब्धियां, जो वे ये सिद्ध कर सकते है, वह यह करता है।

52 जब, मैं भविष्यवाणी करता हूं कि संसार स्थिर रहता है और यदि सभ्यता टिकी रहती है, पीछे मध्य निषेध के समय में जब एक व्हिस्की की बोतल के बेचने पर भारी जुर्माना होता था, सिगरेट बेचने पर यह दस गुना होगा अब से कुछ ही आने वाले वर्षों में, यदि सभ्यता बनी रहती है। यह व्हिस्की शराब से 10 गुना खराब है। निश्चय ही यह है। यह—यह एक हत्यारी, जो कि। और आप इस विषय में लोगों को बता सकते है, और वे इस पर तनिक भी ध्यान नहीं करते। "यह तो पवित्र शोर करने वाला प्रचारक है," और इसे चलने दो। आप देखिए, यही बात है, वे इस पर ध्यान नहीं देते।

53 परंतु, मेरा सारांश यह है, जो भी वैज्ञानिक चीजे उपलब्धि प्राप्त करने योग्य है। वे वहां विश्व के मेले में थी, वैज्ञानिक शोध से दर्शा रहे थे कि विज्ञान प्राकृतिक चीजों में क्या उपलब्धि प्राप्त करने योग्य है। अब, हम यहां आपको

आत्मिक शोध से दर्शा रहे है कि परमेश्वर योग्य है कि लोगों के साथ जो उसके वचन का विश्वास करेंगे, सफलता प्राप्त करेंगे। अब, वैज्ञानिक चीजों में उपलब्धि, आपको विज्ञान के क्षेत्रो में कार्य करना पड़ेगा। आत्मिक चीजों में उपलब्धि, आपको आत्मिक क्षेत्रों में कार्य करना पड़ेगा। अब, आप सोचते हैं कि चूहा भयानक दिखाई पड़ा, जिस पर यह किया गया, आपको यह देखना चाहिए! काश, मेरे पास इसका चित्र होता आपको दिखाता। यदि मैं इसे पा सकता होता। मैं चाहता, परंतु वे इसे आपके लिए नहीं चाहेंगे। परंतु ध्यान दें। निसंदेह, चूहा कुछ और घंटे जीवित रहे, उन में से कुछ एक सप्ताह भी नहीं जीयेंगे, परंतु इस पर सोचिए!

54 आप सोचते हैं कि वह विकृत सा दिखा, आप को देखना चाहिए प्राण, कैसा दिखाई पड़ेगा। जिसने सुसमाचार को अस्वीकार कर दिया आपको देखना चाहिए वह कितनी भयानक चीज है, जो वे है। कैसे एक शैतान एक मनुष्य को पकड़ लेता है और उस परमेश्वर के पुत्र को दूषित कर सकता है, एक डरावनी सी चीज में बदल देता है, जैसा कि वह परमेश्वर की आंखों में है। ओह, वह छ: फुट लंबा हो सकता है, और उसके कंधे मैं नहीं जानता क्या, और घुंघराले बाल और *क्या*, इससे कोई मतलब नहीं। यह तो जो मनुष्य के अंदर है वह टिकता है। बाहर तो मिट्टी है, जो भी हो।

55 इसलिए यह सफलता है, और तब वे दर्शायेगे, उनके पास अंतरिक्ष की सुई और सारी चीजें, जो उपलब्धि उन्होंने दिखाई, कि वे क्या करने के योग्य है, और अपने सारे परमाणु की व्याख्या और आदि–आदि। उन्होंने भविष्यवाणी की थी कि शेवरलेट कैसी होगी। जनरल मोटर ने इसका प्रदर्शन किया था, क्या… दूसरे में, अगली सदी में, 20 वीं सदी की शेवरलेट कैसे दिखाई पड़ेगी। मुझे यह एक—एक गैस के पाइप जैसे लगी जिसके ऊपर एक उभार हो। अब, उन्होंने दर्शाया कि वह कैसे कार्य करेगी और परमाणु शक्ति से प्रज्वलित होगी, एक प्रकार की पंखुड़ी से एक दूसरे पर उठेगी और नियंत्रित होगी। यह एक—एक बहुत ही बड़ा लाभ होगा।

56 परंतु मुझे अचरज कि यदि हम परमेश्वर की पुस्तक के पन्नों पलट सके, इस प्रात:, और देखें उस समय कलीसिया कैसी दिखाई पड़ेगी, देखिए, वह सफलताये जो परमेश्वर ने दिलाई। ओह, इस पृथ्वी पर सदा कैसी घटनाएं घटी किसी चीज का प्रतिनिधित्व है, जो कहीं से आया; परंतु जब यह पृथ्वी पर दिखाई पड़ती है, यह अधिकांश दूषित स्थिति मैं होती है, क्योंकि यह

अंधकार के संसार और पाप में है। समझे? परंतु तब एक सच्चा प्रतिनिधित्व आत्मिक क्षेत्र के दूसरे आयाम में है। उन तीनों आयामों के चलते, तब छठवे आयम में इसका प्रतिनिधित्व है। इससे बहुत ही आनंदित हूं।

57 अब, आइये उन सफलताओं को ले, जिन्हें हम इन अंत के वर्षों में करने के योग्य हुए। अब चलीए, किसी चीज पर आरंभ करते हैं, जो घटित हुई। मैं आपको अधिक देर तक नहीं रोकूंगा, प्रभु ने चाहा तो, परंतु मैं चाहता हूं कि आप इसे जल्द से देख ले। और, ओह, जब यह मेरे पास आता है, मुझे ऐसा लगता है कि उड़ जाऊं। अब ध्यान दें, अब, कुछ वर्षों पहले आवागमन घोड़े और बग्गी के द्वारा था, बहुत अधिक दूर नहीं अधिक समय। मैंने अपना चालना घोड़े और बग्गी के लगभग किया, और एक काठी पर। जब मैं एक लड़का था, 15 वर्ष कि आयु, 16, मैने घोड़े की सवारी की, और मैं इस शहर के लिए घोड़े और बग्गी में गया, यहां इसी आराधना से शुरू करके यहां, एक कच्चा रास्ता और कीचड़ ऊंची–ऊंची घासो में होकर, लगभग, इस भवन जितनी ऊंची, खेत पर से बीन और चीजों को पहुंचाने।

58 अब मैं कार की इंजन शक्ति पर आ गया हूं। कितना अंतर है! घोड़ा और बग्गी का दिन, फिर मोटर गाड़ी का दिन।

59 और फिर साथ साथ हवाई जहाज के दिन आए, जो पृथ्वी से उठ कर हवा में गया। अब, यदि आप ध्यान देंगे, जितनी निश्चित यह यह सफलताएं विज्ञान के द्वारा, यदि कोई व्यक्ति जिसके पास आत्मिक समझ है, और समझता है, कि यह परमेश्वर के अर्थ प्रबंध का प्रतिनिधित्व अपनी कलीसिया के साथ करता है। अब दिन है...

60 अब, स्मरण रखें, संदेश वाहक सदा संदेश के अंत पर आता है। हम यह कलीसिया युगों में जानते हैं वहां हमने यह कैसे लिया।

61 अब घोड़ा और बग्गी के दिन कौन थे? यह लूथरन कलीसियायी युग का अंत थे। देखिए, घोड़ा और बग्गी के दिन। उन्होंने न्यायोचितता में विश्वास किया। परमेश्वर कलीसिया का रोमनवाद, केथोलिकवाद सेला रहा था, वह इसे पहली आत्मिक सफलता में लाया, "धर्मी विश्वास के द्वारा जीयेगे।" वे घोड़ा बग्गी के दिन थे, जैसा कि वे आए थे... घोड़ा और बग्गी के दिनों में, जो समाप्त हुए।

62 अब, अगली सफलता परिवाहन के मार्ग में मोटर गाड़ी थी। और, आप ध्यान देते है, कि मोटर गाड़ी सारे समय अपनी, सामर्थ में बढ़ती गयी।

63 अब, वैसली युग के अंत में, आत्मिक सफलता को, पवित्रीकरण में लाया गया, जिसका अर्थ कि कलीसिया न्यायोचित की अवस्था से उठ कर पवित्रीकरण की अवस्था में आ गई।

64 आप, जैसा कि हम आगे बढ़ते हैं मैं चाहता हूं कि हम स्मरण रखें, कलीसिया जो "कलीसिया" कहलाती है। कलीसिया नहीं है, कलीसिया, आत्मिक कलीसिया है! दसियों हजार बार हजारों लूथरन जो कलीसिया में सदस्य बने, जिन्हें न्यायोचित के विषय में कुछ भी मालूम नहीं एक सूअर। जिसे—जिसे गद्दी के विषय में नहीं मालूम। और वैसली के युग में, कैसे दसियों हजार जो पवित्रीकरण का दावा करते, वे परमेश्वर की पवित्रीकरण की सामर्थ के विषय में कुछ नहीं जानते जैसा—जैसा एक खरगोश बर्फ के जूते के विषय में। देखिए, वे बिलकुल भी इस विषय में नहीं जान पाए।

65 परंतु लोग थे जिन्होंने सफलता प्राप्त की। हाल्लेलुय्या! आप देखिए, मैं कहां बढ़ रहा हूं। वहां कोई था जो जानता था कि "न्यायोचित" का परमेश्वर की दृष्टि में क्या अर्थ है, "आपने प्रभु यीशु मसीह के द्वारा परमेश्वर के साथ शांति में।" वहां वे कुछ लूथरन थे, जो निष्ठावान थे। उन्होंने इसका विश्वास किया। कोई मतलब नहीं कैथोलिक कलीसिया ने क्या कहा, उन्होंने परमेश्वर के वचन का विश्वास किया और पर खड़े रहे, क्योंकि उस युग के संदेशवाहक ने प्रचार किया "धर्मी जन विश्वास के द्वारा जीवित रहेगा," और उन्होंने न्यायोचित की अवस्था का विश्वास किया। और वे परमेश्वर के अनुग्रह के द्वारा योग्य हुए कि न्यायोचित में सफल हो, और हमारे प्रभु यीशु मसीह के द्वारा परमेश्वर के साथ शांति में हो।

66 अब, हम फिर से ध्यान देते है, फिर साथ-साथ मैथोडिस्ट पवित्रीकरण के साथ आए। वहां पर बहुत से मैथोडिस्ट ये जो वास्तव में पवित्र हुए थे। अब, और उन में से बहुत सो ने दावा किया और कुछ नहीं जानते थे। इस विषय में मैथोडिस्ट कलीसिया ने पवित्रीकरण सिखाया। उन्होंने कहा वे नम्र हुए और रोये और वापस आए, बोले, "परमेश्वर की महिमा हो, मैं पवित्र हो गया!" और वे फिर से वैसे ही जीवन बिताने लगे, जैसा उन्होंने सदा किया। परंतु उनमें से कुछ पुरुष और स्त्रियां वास्तव में संसार की चीजों से पवित्र हो गए थे, और एक पवित्र जीवन जीया, एक अलग जीवन। क्यों?

वह मोटर गाड़ियों का युग जिसमें अधिक अश्वशक्ति थी। मोटर गाड़ी, पुरानी मॉडल संभवत 15 या 20 अश्वशक्ति की थी। देखिए, 15 या 20 घोड़े एक छोटे से इंजन में इस प्रकार बंद। पवित्री करण! जब विज्ञान ने प्रकृति के—के—के द्वारा कुछ सफलता प्राप्त की, परमेश्वर आत्मिक के द्वारा कुछ प्राप्त कर रहा था। देखिये, सारे समय कुछ चल रहा था। और फिर पवित्र करण युग के पश्चात...

67 अब हम एक पुराने बिविग्टन के समान एक व्यक्ति को लेते है। एक मनुष्य, जो पुराने भाई बिविग्टन से अधिक महान था? और जॉन वैसली को जॉर्ज व्हाइट फील्ड, फ़िनी, नोक्स, बहुत से पुराने मैथोडिस्टो को देखें, जिन्होंने पसीना बहाया जो पृथ्वी पर नरक में से निकाले, सताव। क्योंकि उन्होंने विश्वास किया कि परमेश्वर का वचन पवित्र करण से सिखाता है अनुग्रह का, दूसरा कदम और वे इसके साथ टिके रहे, और उन्होंने इसका विश्वास किया। और उन्होंने इससे आश्चर्य कर्म किए वैसे ही जैसे हेनरी फोर्ड और उन्होंने परिवहन के साथ किया पुरानी टी, फोर्ड मॉडल घोड़े के बराबर वह घोड़े के दिन से आगे बढ़ा। और वैसली लूथरन के दिन से आगे बढ़ा।

68 और तब पेंटीकोस्ट आता है। और जैसा कि विश्व का विज्ञान योग्य था कि—कि मोटर गाड़ी की सफलता पाए, राइट बंधुओं ने सिरजा याने बनाया, बल्की, हवाई जहाज बनाया, लड़ने वाला यंत्र जो जमीन की कार से बहुत ऊपर था, क्योंकि वह हवा में ले गया। अब, राइट बंधु अपनी सफलता से होते हुए, विज्ञान से लेने के योग्य थे, और इस पृथ्वी पर किसी चीज का नमूना, ये दर्शाने को कि एक महान आत्मिक चीज घटने के लिए तय है। और जब राइट बंधु सफलता के योग्य थे कि मनुष्य के पैरों को पृथ्वी पर उसे उठा दे, पेंटीकोस्ट उतरा और आत्मिक वरदान के साथ हवा में उठा लिया, पवित्र आत्मा के बपतिस्मे के साथ। वह हवा में ले गया! ओह, हाल्लेलुय्या! उसके कदम भूमि पर से उठा दिए ताकि वह आस–पास तैर सके, हवा में उठ गया! ओह, वह घोड़ा बग्गी से कितनी दूर था! वह परिवहन से कितना ऊपर था! वह ऊपर हवा में था। वह टकरा और उछल और भीड़ रहा था, परंतु वह उड़ रहा था। देखिए, मनुष्य पृथ्वी पर क्या उपलब्धि प्राप्त करता है, क्योंकि वे चीजो से बने है जो दिखाई नहीं पड़ती। परमेश्वर योग्य था कि आत्मा से भरे हुए लोगों के द्वारा जो भूखे और प्यासे थे, और वे जो वचन के संग बने रहेंगे।

69 अब, यदि वैसली ने वचन के कदम आगे ना बढ़ाया होता और बदनाम हुआ, पागल मनुष्य को कहलाया, और सब कुछ, तो सफलता प्राप्त करने योग्य ना होता। परंतु वैसली परमेश्वर का एक बड़ा वैज्ञानिक था। लूथर परमेश्वर का एक बड़ा वैज्ञानिक था। उन्होंने चिंता नहीं की कि कलीसियाओ ने क्या कहा, संगठन में क्या कहा। लूथर ने चिंता नहीं की की कैथोलिक ने क्या कहा, उसने विश्वास किया धर्मी विश्वास के द्वारा जीवित रहता है! हाल्लेलुय्या! और उसने वचन में परमेश्वर के रसायन लिए और एक साथ मिलाया, और कलीसिया विश्वास के द्वारा आगे बढ़ी। वैसली ने लहू के द्वारा इसे एक साथ रखा, और लहू के द्वारा सिद्ध किया और कलीसिया पवित्र हो गई। और पेंटीकोस्टलो ने विश्वास किया कि पवित्र आत्मा का बपतिस्मा, कि प्रतिज्ञा तुमसे और तुम्हारी संतानों से जो दूर–दूर है, और उन्होंने वचन के रसायनों को एक साथ मिलाया और वे हवा में चले गए। हाल्लेलुय्या! वे बाहर निकल गए, क्योंकि वे योग्य ठहरे थे कि इस प्रकार पूरा करने के योग्य हो।

70 अब, इन मनुष्यो ने यह क्यों किया? लूथर ने इसे क्यों पाया? वैसली ने इसे क्यों पाया? क्योंकि सामग्री यह यहां पृथ्वी रखी थी, जो टी मॉडल फोर्ड को बना सकती थी। वहां बिजली थी जो—जो कार को दौड़ा सकती थी। पृथ्वी में तेल, वहां विस्टन और आदि–आदि था, सारे यांत्रिकी, जनरेटर के लिए कार्बन, और हर चीज उन्हें ये सारे समानो कि रचना करनी थी, और ध्यान दे, ये आरंभ हो गया... इसे बनाया, बल्कि, इसकी रचना नहीं की। परमेश्वर रचीयता है, उसी में ये यहां रखा था। परंतु मनुष्य जिसने इस प्रकृति के वैज्ञानिक आयाम में विश्वास किया, इसमें छान बीन की, और वे उत्तर के लिए "ना" को नहीं लेंगे। उन्होंने इसका विश्वास किया। उनके ह्रदय में इसका प्रकाशन था, और वे इसके साथ बने रहे जब तक कि उन्होंने प्रमाणित नहीं कर दिया कि यह ठीक था।

71 इसी प्रकार से जॉन वैसली ने पवित्रीकरण को सिद्ध कर दिया। सामग्री यहां—यहां पर रखी थी, परमेश्वर का वचन इसे लेकर आया। उसने इसका विश्वास किया! कोई मतलब नहीं, यदि सारी कलीसिया, एगलिकन कलीसिया सब ने उसे अस्वीकार कर दिया, वह अपने विश्वास पर बना रहा और उसने यह सिद्ध कर दिया। और पेंटीकोस्टल आसपास आए सिद्ध किया, क्योंकि उनके पास सामग्री थी, कि पवित्र आत्मा सही था। और वे हवा में ले लिये गये।

72 क्या आपने ध्यान दिया, उसमें से एक—एक वैज्ञानिक सफलता ने दूसरे के साथ चली, दूसरे के लिए पूरक बनी। यह केवल एक उन्नत रूप था। समझे? मोटर गाड़ी परिवहन का एक उन्नत रूप था, बजाये घोड़े के, और हवाई जहाज परिवहन का उन्नत रूप था, बजाये मोटर गाड़ी के, परंतु वे दूसरे के साथ–साथ रहे। अश्वशक्ति! आमीन! यदि वह अश्वशक्ति, परमेश्वर की शक्ति के विषय में क्या है? तो फिर पवित्र आत्मा और सामर्थ के विषय में क्या है? एक पवित्र आत्मा की सामर्थ, जो आपको न्यायोचित ठहरा सकती है, वही पवित्र आत्मा की सामर्थ आपको पवित्र कर सकती है। वही पवित्र आत्मा की सामर्थ जिसने आपको पवित्र किया, वह उसकी उपस्थिति से आपको भर सकती है। और छोटा विज्ञान, जो अपना क ख ग नहीं जानते, इसे पा लिया। क्यों? वे आत्मिक वैज्ञानिक थे। आमीन। उन्होंने चीजों को देखा, उन्होंने इसका विश्वास किया। मनुष्य ने इसे शिक्षा के द्वारा किया, प्राकृतिक वैज्ञानिक। आत्मिक वैज्ञानिक ने इसे प्रकाशन के द्वारा किया। एक शिक्षा के द्वारा, दूसरा प्रकाशन के द्वारा। और, यदि हम इसे खोल सके। यहां सब प्रकार की सामग्री यहां पर रखी है। यह ठीक बात है।

73 अब हम ध्यान देते हैं यह कैसे जाता है, कैसे परमेश्वर इसे प्राप्त करने के योग्य था। पेंटीकोस्टलो में, हवा में उठा लिए गए। कैसे वे... तब वापस कलीसिया में लाए गए, चंगाई, अन्य भाषाओं में बोलना, प्रकाशन, वरदान पवित्र आत्मा के। जो कि लूथर इस विषय में कुछ नहीं जानता था, ना ही वैसली ने जाना। उन्हें यह कभी नहीं सिखाया गया, उन्होंने इस विषय में कुछ नहीं जाना उन्होंने इस विषय में कुछ नहीं जाना, यह उनके युग से बाहर था क्यों, यह उनके युग से बाहर था।

74 क्यों, हेनरी फोर्ड उन दिनों में हवाई जहाज के विषय में क्या जानेगा इसके पहले कि राइट बंधु हुए? देखीये, उन्हें यह नहीं मालूम हुआ होगा। तब वही बात जो—जो मनुष्य वहां पीछे थे और घोड़ा और बग्गी चला रहे थे, पांच सौ वर्ष पहले, वह बिना घोड़े की गाड़ी के विषय में कुछ नहीं जानता, केवल बाईबल ने कहा है ये वहां पर होगा। इसलिए वे योग्य थे कि वैज्ञानिक अनुसंधान के द्वारा सफलता पाए। और जब यह पृथ्वी पर घटित हुआ, परमेश्वर ने इसका प्रतिनिधित्व उसकी कलीसिया की उपलब्धि के द्वारा किया। “वह चीजें जो दिखाई पड़ती है, उन चीजों से बनी है जो दिखाई नहीं पड़ती।” इसका परावर्तन, देखिए।

75 अब, अब पेंटीकोस्टल युग, पिछले पचास वर्षों में, उसने समस्त संसार में एक बेदारी भेजी, इसमें सब प्रकार की चीजें थी। और उनके पास चंगाईयां थी, और बीमारियां चंगी हो गई, अपाहिज चंगाईये, अंधों की आंखें वापस आ गई। क्या आप सोचते हैं संसार इसका विश्वास करेगा? नहीं श्रीमान। उन्होंने लूथर का विश्वास नहीं किया। उन्होंने वैसली का विश्वास नहीं किया। उन्होंने पेंटीकोस्टलो का विश्वास नहीं किया। परंतु परमेश्वर ने अपने अनुसंधान में बाइबल को लिया, एक मनुष्य जो इसे करना चाह रहा था, बाईबल को लिया और सिद्ध किया कि यह सही या। अमीन। अब हमें स्मरण करना है कि, हमें इसका विश्वास करना है, इन चीजों को देखते हुए कि ये प्रतीक थी। अब हम पेंटीकोस्टल युग। जैसा कि मैंने वहां सिद्ध किया, लोदेकियायी युग में चला जाता है।

76 परंतु अब कुछ और घटित हुआ है। अब हमारे पास अंतरिक्ष यात्री है, जॉन ग्लेन हमारा पहला अंतरिक्ष यात्री था। और हमने पाया कि यह हवाई जहाज से बहुत ऊपर है, हवाई जहाज केवल वही तक जा सकता है जहां दबाव है आदि–आदि। परंतु यह परमाणु शक्ति से है, एक बड़ी सामर्थ जो उसे हवाई जहाज से बहुत ऊपर उठाती है, और यहां तक—तक कि उसमें हवाई जहाज नहीं है। यह ठीक बात है। वह इसे करने के योग्य है। ठीक है। अब हमारे पास अंतरिक्ष यात्री है, स्वाभाविक युग।

77 और, स्मरण रहे, संदेशवाहक पहले वाले संदेशवाहक के सदा अंत में आता है। हमने वहां यह सिद्ध किया है। अब हम अंतरिक्ष की पंक्ति में है। आमीन और आमीन! परमेश्वर...

78 विज्ञान इस बात को सिद्ध करने के योग्य है, एक अंतरिक्ष यात्री इतनी दूर जा सकता है, यहां तक कि आप उसे अपनी स्वाभाविक आंखों से नहीं देख सकते, और ये जा सकता है भले ही दबाव हो या ना हो। वह बस बाहर निकल सकता है, क्योंकि उस दाबयुक्त टैंक में, और वह ऊपर जा सकता है और चारो ओर तैरता है और संसार को चारों ओर से देखता है। एक अंतरिक्ष यात्री! ओह, प्रभु, क्या ही युग आ रहा है। जी हाँ, श्रीमान, किसी भी प्राकृतिक चीज से बहुत आगे, राहुल की सीध में बाहर दूर।

79 ये क्या दर्शाता है? एक आत्मिक युग, एक आत्मिक समय जहां परमेश्वर आत्मिक अंतरिक्ष यात्री को लेने जा रहा है। आमीन! वे ठीक अब यहां पर है! हाल्लेलुय्या! हवा के उकाब जो किसी भी चिड़िया से आगे

जा सकते हैं, हर चीज के ऊपर तैर रहे है, आत्मिक अंतरिक्ष यात्री (महिमा हो!) जो परमेश्वर का वचन ले सकता है और ये सिद्ध करता है कि वह कल, आज, और सर्वदा एक सा है। एक आत्मिक अंतरिक्ष यात्री! ओह! प्रभु! महिमा हो! इससे मुझे अच्छा अनुभव होता है, कि इस युग में जी रहा हूं! अब, अंतरिक्ष यात्रियों के लिए क्या आश्चर्यजनक चीज है! समझे? यह क्या है? स्वाभाविक वैज्ञानिको ने क्या किया? इस चीज में सफल होने के योग्य हुए। और परमेश्वर, मनुष्य में होकर जो बाईबल के साथ स्थिर ही रहेगा और ये कहता है, "वह कल, आज, और सर्वदा एक सा है," चाहे जो हो प्रतिज्ञा से डरता नहीं कि किसने क्या कहा, इसी के साथ टिका रहा। ये क्या है? आप एक अंतरिक्ष यात्री हो गए, जो इतनी दूर जा सकता है, ये नामधारी विचार से। ये किसी भी चीज से आगे है। ये कलीसिया कि चीजों से आगे है। वहां परमेश्वर के साथ और केवल उसके संग आप अकेले टिकते है। अंतरिक्ष यात्री!

80 और, स्मरण रखे, अंतरिक्ष यात्री बनने के लिए, उन्हें एक टैंक में जाना होता है, और वे अपना नियंत्रण नहीं कर सकते। ये रडार की शक्ति लेता है, एक परमाणु शक्ति उसे उठाती है, बाहर दूर अंतरिक्ष में, और फिर वह एक मीनार के द्वारा नियंत्रित किया गया। महिमा हो! परमेश्वर के आत्मिक अंतरिक्ष यात्री वैसे ही है! वे एक टैंक में आए, एक स्थान में, एक देह में, और देह मसीह की देह। तब, ये वे नहीं है, ये—ये नहीं, ये जॉन ग्लेन नहीं था, ये—वह टैंक था, जिसके अंदर वह था। ये यंत्र था। वह बस वहां बैठा था, उसने कुछ नहीं किया। उसके पास एक वास्तविक शुद्ध साहस था कि वहां हो और कहता है, "ये ठीक है," क्योंकि विज्ञान ने इसे सिद्ध कर दिया था।

81 परमेश्वर चाहता है मनुष्य जो मसीह में आ सके और ये विश्वास करें कि वह कल, आज, और सर्वदा एक सा है, और अपने विचार नहीं लेते अंतरिक्ष में चले गए, पवित्र आत्मा द्वारा, नियंत्रित किए गए। आमीन। अंतरिक्ष यात्री! यू! यह पीछे पुराने घोड़े बग्गी से कितनी दूर है! ये कितने दूर यहां तक कि हवाई जहाज से! ये न्यायोचित, पवित्री करण और पवित्र आत्मा के बपतिस्मे से कितने दूर! वे उकाब पर आ रहे है। पहले, वे छिपकली थे, फिर वे चूजे हो गए, फिर वे कौवे हो गए, परंतु अब वे उकाब है। उनके पीछे कोई नहीं जा सकता!

82 एक उकाब विशेष चिड़िया है। वह किसी भी चिड़िया से ऊपर जा सकता है। उसे देखने के लिए तैयार किया गया, जब ये वहां पहुंच जाता है, ये अपना सिर एक स्तर पर ले आता है। कुछ लोग है जो ऊंचा कूद सकते हैं, वहां पहुंचकर उन्हें नहीं मालूम कि वे कहां है, क्योंकि वे आगे और नहीं देख सकते तो फिर किसलिए कूदा। परंतु वहां कुछ है जो पीछे देख सकते हैं, और देखते हैं कि क्या हो रहा है। यह उकाब है। वह वहां खड़ा रह सकता है, जब तक वह इसे देखता है, और प्रतीक्षा करता है जब तक संदेश नहीं सुनता जो उसे बताता है कि क्या कहना है। यह परमेश्वर का अंतरिक्ष यात्री है। समझे? यह सारी सफलताओं अनुकरण करता है, तो फिर इस सफलता का अनुकरण क्यों नहीं करेगा?

83 यीशु के लिए अंतरिक्ष यात्री। आमीन। यहां तक कि अपनी शक्ति से भी नहीं छोड़ जाता छोड़ा जाता। वह प्रेक्षित किया गया। वह केवल एक कार्य करता है कि वह उसमें चला जाता है। आपको बस यही करना है, कि उसमें चले जाए, परमेश्वर ही उसे दागेगा और स्थापित करेगा। इसमें पेट्रोल की ताकत नहीं होती है, ना ही, किसी कलीसिया का मतसार। यह परमेश्वर की परमाणु शक्ति जो आपको अंतरिक्ष में आगे धकेलती है। आमीन। ओह! क्यों, यह क्या है, ये अंतरिक्ष यात्री? इनके पास... इन्हें कभी आवश्यकता नहीं पड़ती... जरा शब्द न्यायोचित को ले, जरा शब्द पवित्रीकरण को, वह सारी बाईबल को लेगा। आमीन। वह इस सब में मिलेगा, क्योंकि ये वह जानता है कि परमेश्वर हर प्रतिज्ञा को पूरा करने योग्य है जो उसने कभी की। वह बस वहां बैठकर प्रतीक्षा करता है। ओह, प्रभु! वचन अपने आप में प्रगट होने के लिए बाध्य है। यदि आप बीमार है, और एक अंतरिक्ष यात्री, स्मरण रखें, मसीह में आ जाए, उल्टी गिनती की प्रतीक्षा करें। बस। वह गोली को दाग देगा, चिंता ना करें। अब, सफलता के योग्य है, ये क्योंकि परमेश्वर ने इसकी प्रतिज्ञा की है।

84 अब, अंतरिक्ष यात्री कितना बड़ा है, ये चीजें अब, पुरानी अश्वशक्ति से, मोटर गाड़ी कि शक्ति और—और हवाई जहाज की शक्ति! आप देखिए, वह अंतरिक्ष, यात्री वह इतना ऊंचा है कि वह चीजों को देख सकता है, जो एक मनुष्य घोड़े पर और बग्गी पर नहीं देख सकता। वह इतने ऊंचे पर है वह उन चीजों को देख सकता है, जो मोटर गाड़ी में बैठा मनुष्य नहीं देख सकता। वह इतने ऊंचे पर है कि वह उन चीजों को देख सकता है, एक मनुष्य जो हवाई जहाज में उड़ रहा नहीं देख सकता। वह तो तर्क आदि से

आगे निकल गया। आमीन! महिमा हो! यही है। वह किसी भी उपलब्धि से आगे हैं जो मनुष्य सोच सकता है, संगठन, नामधारी, "आपको मैथोडिस्ट, बैपटिस्ट होना पड़ेगा, या *इससे* संबंधित होना पड़ेगा एक वाद, दो वाद," या ये जो भी है। वह एक अंतरिक्ष यात्री है, वह तो किसी रेखा से दूर अंतरिक्ष में तैर रहा है। आमीन, मैं कितना धन्यवादित हूं!

85 और, स्मरण रखे, अंतरिक्ष यात्री रडार की सामर्थ से नियंत्रित किया जाता है। आपने उन्हें देखा जॉन ग्लेन को अंदर लाए। मैंने कैप केनावेरल में देखा और उस बड़े राडार चीज को देखा, आप उसे कहीं भी नहीं देख सकते, परंतु आप रडार से बता सकते हैं कि वह कहां पर था चिह्नित करते है। यही जहां पर वह था। समझे? और हमारे पास एक राडार भी है, प्रार्थना। प्रार्थना राडार की सामर्थ है, जो अंतरिक्ष यात्री को निर्देशन देता है। "मेरे नाम में पिता से कुछ भी मांगो, मैं यह करूंगा।" समझे? जरा ध्यान दें, जिस प्रकार से प्रार्थना जा रही है, आप उस मार्ग को देख सकते है। आमीन। जहाँ प्रक्षेपात्र उड़ेगा आप बता सकते है। जिस प्रकार से अंतरिक्ष यात्री यात्रा कर रहे है, जिस प्रकार से कलीसिया प्रार्थना कर रही है।

86 वह प्रार्थना करता है, "प्रभु, निसंदेह हम लोग इन बातों का विश्वास नहीं करते है।" ओह! वह अंतरिक्ष यात्री नीचे आ रहा है। बस यही है। ओह, भाई!

87 परंतु जब सारी चीजें संभव है, "प्रभु, अपना आत्मा कलीसिया पर उंडेल दे और हमें वह दे जिस चीज की हमें आवश्यकता है। हम पर पवित्र आत्मा उंडेल दे, और हमें हर तरफ से बाहर कर दे, और ये विश्वास करे कि वचन ही सही है और हम ठीक इसी के पक्ष में खड़े होने जा रहे है।" पर्दे पर ध्यान दें, फिर उसके सिर को इस प्रकार से उठने दे, देखीये। अंतरिक्ष यात्री आये, आगे और आगे बढ़ रहा है, ऊपर हवा में हूं। शानदार! किसी भी क्षेत्र से आगे जा रहा है, किसी भी मतदार से आगे जा रहा है।

88 अब स्मरण रखें, न्यायोचित का मतसार में विशेष स्थान है, यह ठीक बात है, आप न्यायोचित का विश्वास करते हैं, जैसे कहीं लूथरनो और उनके अधीन वालों ने किया। यही जो वे थे, अधीनताओं में, परंतु वे अब भी धरातल से नहीं उठे। आप पवित्रीकरण और उनके अधीन वालों को ले। कहते है, "उन अधीनस्तो का लूथरन से क्या?" भाई चर्च ऑफ क्राइस्ट और वह झुंड वहां है। "अधिनस्तो का वैसली से क्या, मैथोडिस्टो

से इस प्रकार? ” नाजरीन, पिलग्रिम होलीनेस, उनके अधीन वाले। और तब पेंटेकोस्टल और उनके अधीन वाले, हवाई जहाज, निश्चय, वननैस, टूनैस, थ्रीनैस, फोरनैस, और ऊपर बढे, फोर स्कायर, चर्च ऑफ गॉड, वे सारे मतसार धारण किए नामधारी में।

89 परंतु अंतरिक्ष यात्री ध्वनी सीमा को तोड़ता है। वह तो बस निकलता चला जाता है। वह कुछ नहीं सुनता। ओह, प्रभु! वह इस सबसे आगे जाता है। देखिए, वह वहां ऊपर जहां सारी चीजें… वह परमेश्वर की उपस्थिति में है। जी हां, श्रीमान। उसने इसकी प्रतिज्ञा की है, उसका वचन कहता है, कि वह महायाजक है। आप उस महान बड़े राडार को देखते है, वहां बाहर बैठा हुआ बढ़ रहा है? सभा में उस पर ध्यान दें। आप देख सकते है जब पवित्र आत्मा नीचे उतरता है अग्नि स्तंभ के रूप में जैसी उसने प्रतिज्ञा दी। एक वहां बैठने नहीं जा रहा है कि तर्क करने कि कोशिश करे विज्ञान के साथ, एक वास्तविक विश्वासी। वह क्या है? वह राडार का पर्दा है। उस पर ध्यान दें। उसने आसपास संकेत करना आरंभ कर दिया। आमीन। और वह उस अंतरिक्ष यात्री को पकड़ता है। “आपको कैंसर है। आपको *अमुक–अमुक* है। आप *अमुक–अमुक* ऐसे स्थान से। प्रभु यीशु आपको चंगा करता है।” हाल्लेलुय्या! वह तैर गया अंतरिक्ष यात्री! ओह, प्रभु यह कलीसिया कैसे होनी चाहिए! ये यहां पर है।

90 उपलब्धियो को विज्ञान के द्वारा साबित किया गया है। उन्होंने इसे संसार के प्रदर्शन में इसे दिखाया। यह हमारे पास है। आमीन। यह सब कुछ साबित हो रहा है, हम अंतरिक्षी युग में रह रहे हैं। देखो, “यह उन चीज़ों से बना था जो प्रकट नहीं होता हैं।” देखो, यह कुछ तो बना था जो स्वर्ग से था। यह स्वयं परमेश्वर है; आप उस छठे आयाम में हैं। यह परमेश्वर की सामर्थ है। हम तब तक ऐसे स्थान पर रहे हैं, जब तक कि हम उस आयाम में ऊपर नहीं आ जाते हैं, उस कब्र पर जाने और रोने की इस चीज़ से परे, दरवाजे की कुण्डी पर कड़ी डालने और हमेशा के लिए अलविदा कहने की चींजो से। हाल्लेलुय्या! हम अंतरिक्ष में गए, और बाहर निकल गए और देखा कि यह कहां है, और वापस लौट आये। महिमा! और आकाश के पार हम अपने घर को जा रहे हैं, मनुष्य के तर्कों से दूर। कैसे यह पलक झपकते ही ये पुराना बदल जाएगा। हम उन्हें वहां पर देखेंगे, बूढ़े मनुष्य और स्त्रियां, फिर से युवा, “आप कैसे जानते हैं? ” बाईबल यह सिखाती है! और, परमेश्वर एक अंतरिक्ष यात्री को वहां दागता है, हम जानते हैं इस

सब के विषय में क्या है, वापस आए। वहां पर मरने की चिंता नहीं है, मरना कुछ नहीं है। निश्चय ही, यह जीना है। जी हां, श्रीमान। यह बस अपने पैरों को भूमि से ऊपर उठाना है, ताकि हम जा सके। ओह, कितना आश्चर्यजनक!

91 उसने सारी बातों की प्रतिज्ञा वचन में की है, क्योंकि इब्रानी 13:8 ने कहा, "वह कल, आज, और सर्वदा एकसा है।" वे बातें जिसके लिए वह योग्य था, परमेश्वर एक मनुष्य के द्वारा सफलता प्राप्त कर सका, जो अपने आप को इसके लिए समर्पित कर सके, परमेश्वर के वचन के लिए, क्योंकि, जैसा मैंने बीती रात्री कहा, वह सदा वचन के साथ खड़ा हुआ है।

92 अब, क्या आप जानते है कि, अंतरिक्ष यात्री वास्तव में नई चीज नहीं है। एलीशा के विषय में क्या है? यदि वह अंतरिक्ष यात्री ना होता, मैंने एक कभी नहीं देखा। वह वहां गया जहां जैन ग्लेन कभी नहीं सोचा कि वह जाएगा।

93 भाई, आप जानते है, उनके पास एक था जो एक बार धीमी गति से उठा लिया गया। उसका नाम हनोक था। वह बस ऊपर चला गया, परंतु वह एक अंतरिक्ष यात्री था। निश्चय ही। वह दाबयुक्त किया गया था, उसे बदलना नहीं था, कुछ नहीं। नहीं, वह पहले ही दाबयुक्त हो गया था। जब उसने चलना आरंभ किया वह सारे आयामों से निकलता चला गया और सारी चीजों से, और परमेश्वर की उपस्थिति में चला गया।

94 और इसलिए एक बूढ़ा व्यक्ति थक गया था और अधिक अच्छी प्रकार से नहीं चल सकता था। उसका इसाबेल से विवाद था, और उसके छोटे बाल और रंग और हर चीज, जब तक कि परमेश्वर ने उसके लिए रथ नीचे नहीं भेज दिया, कहा, "मैं तुझे बादलों से हो कर तुझे चढ़ा लूंगा इस दोपहर बाद," एक अंतरिक्ष यात्री!

95 एक बार, एक हम सब बाकियों के लिए मरने आया, और परमेश्वर ने उसे तीसरे दिन जिला दिया। और 500 मनुष्य वहां पर खड़े थे और उसे बादलों पर उठते हुए देखा, एक आवाज के साथ जो कह रही थी, "मैं फिर से आऊंगा।" और स्वर्गदूत वापस आए और बोले, "यही यीशु जो उठा लिया गया था, वह मुख्य अंतरिक्ष यात्री, फिर से इसी प्रकार से वापस आएगा, उसी प्रकार का घर जिसमें वह है, एक देह, अविनाशी।" हाल्लेलुय्या! "और हमें भी एक देह मिलेगी उसकी महिमामय देह के समान,

क्योंकि उसको हम वैसा ही देखेंगे, जैसा वह है।" ओह, हाल्लेलुय्या! उसने सारी ध्वनि की सीमाएं तोड़ डाली, सारे तर्क की रुकावटें, और तर्क से आगे निकल गया, किसी भी चीज से आगे निकल गया।

96 और कोई भी मनुष्य जो कभी परमेश्वर के लिए जीया, उसे किन्ही भी पांच चेतनाओ के आगे जाना होगा, उसे किसी शिक्षा पर जाना होगा, किसी सफलता पर जो मनुष्य करने के योग्य है, और परमेश्वर पर विश्वास करता है, हर चीज को तोड़ और एक ओर रख देता है, और स्वर्ग को निकल जाता है। आमीन। ओह, क्या ही अंतरिक्ष यात्री और आदि–आदि, स्वाभाविक में सफलता प्राप्त की, परमेश्वर इसे अपनी कलीसिया के द्वारा करने के योग्य हुआ, आत्मिक के द्वारा, एक आत्मिक लोगों के द्वारा जो विश्वास करेंगे। कोई भी पुरुष या महिला जो किसी भी समय साहस करेगा, किसी भी समय परमेश्वर को उसके वचन पर लेता है, वह एक अंतरिक्ष यात्री है।

97 वे कहेंगे, "ओह, क्या यह तर्कसंगत नहीं है। उन लोगों को सुने रो रहे है, चिल्ला रहे है, इसे सुने? ओह, यह तो तर्कसंगत भी नहीं है।" ये नहीं समझता।

98 किसी ने मुझे बताया, कहा, "भाई ब्रन्हम, आपने स्वप्न देखा, जब आपने वह स्थान देखा।" मैंने कभी कोई स्वप्न नहीं देखा। मैं वहां खड़ा हुआ था नीचे जहां मैं पलंग पर खड़ा था, नीचे देख रहा था। मैं पलंग पर स्वप्न देख सकता था, परंतु मैं यहां ऊपर था नीचे अपने आप को देख रहा था। समझे? ओह, उस प्रातः उसने मुझे अंतरिक्ष यात्री वाली सवारी करा दी, मुझे दिखाया कि मुझे कहां जाना था। और इसने यह दिखाया कि आपका राडार इस पर संकेत करेगा, ठीक जहां पर यह है। अब, यह मैं नहीं, यह वह है। ये आपका आत्मा आपके अंदर इस संदेश का विश्वास कर रहा है, और यह पवित्र आत्मा यहां खड़ा है जहां मैं हूं, और आप इसका इस प्रकार विश्वास करते है, और ये संपर्क करता है; और यहां ये फिर वापस आता है, आपका उत्तर। अंतरिक्ष यात्री! आमीन। ओह, कितना आश्चर्यजनक! जी हां, श्रीमान।

99 महान, विज्ञान ने महान चीजें की है। और, आप जानते है, उन्होंने इतना महान किया जब तक कि वे उन से ही नहीं डरने लगे। ये ठीक बात है। वे इतने अधिक महानतम हो गए यहां तक वे उन से डरने लगे। आप जानते है, ये उन्होंने लगभग दो वर्षों पहले कहा, ये "आधी रात के तीन

मिनट पहले।" वे डर गए। वे क्या कर रहे है? अब, मनुष्य योग्य हो गया, अपने स्वाभविक में स्वाभविक अंतरिक्ष यात्री, अब वह इस अन्तरिक्ष यात्री की सफलता पाने में योग्य हो गया है। अब वह सोचता है जब कभी रूस ने राष्ट्र को ध्वस्त करना आरंभ किया, या किसी और राष्ट्र को, वह चांद की यात्रा पर निकलने वाला है।

100 मैंने एक छोटी सुंदर चीज उस दिन देखी, यह वास्तव में सुंदर थी। वह दो छोटे से इंडियन खड़े हुए, एक दूसरे से बात कर रहे थे, आप जानते है, छोटे निकले हुए पेट, इस प्रकार से, और उनके सिर के पीछे पंख, और बस एक दूसरे से हाथ मिला रहे थे, एक दूसरे को थपथपा रहे थे। बोले, "भाई, बहुत जल्द ही हमारे देश हमें वापस मिल जाएगा, श्वेत लोग चांद पर जा रहे है," कहा, "जल्द ही हमारा देश हमें फिर से वापस मिलने वाला है। श्वेत लोग चांद पर जा रहे है, इस प्रकार हमारा देश हमें फिर से मिलने वाला है।" यह ठीक है।

101 ओह, अब वे सब चलते हैं, कि सारे के सारे वे अंतरिक्ष यात्रा के डिब्बे बना कर वे उसमें घुस सकते है। और परमाणु युग आता है, वे इस धरती को नष्ट करने जा रहे है, वे बस *इसे* खींचेंगे और सारे चांद पर चले जायेंगे, चांद की यात्रा पर, और इस सब के साथ, और इस प्रकार चांद पर एक नई अर्थ व्यवस्था बनाएंगे। वे वहां जाने वाले है। मैं अपने पूरे हृदय से, विश्वास नहीं करता, कि ये कभी वहां पहुंचेंगे। समझे?

102 परन्तु, उसी समय में एक वास्तविक सच्चा मसीह में विश्वासी अंतरिक्ष में प्रवेश कर गया। आमीन। "एक ही आत्मा के द्वारा हम सब ने एक अंतरिक्ष यात्री में बपतिस्मा लिया।" ओह, एक देह! यह किसी भी ढाब में टिके रह सकते है। उन्होंने इसे जलती भट्टी में परख लिया, यह आग में टिका रहेगा, इसलिए यह जल नहीं सकता; सात गुना गर्म। उन्होंने इसे हर चीज में परख लिया, सही सलामत बाहर आ गए। इसलिए आत्मिक वैज्ञानिक सिद्ध करने योग्य ठहरे कि वे किसी भी स्थिति में टिके रह सकते है। इसलिए वास्तविक आत्मिक विश्वासी अपने साथ ही रखता है और परमेश्वर की अंतरिक्ष यात्रा में आ जाता है, मसीह, में सारी बातो का विश्वास कर रहा है; अपने मतसारो को एक तरफ रख दिया, पेंटीकोस्टल मतसार, बैपटिस्ट मतसार। वह बस अंतरिक्ष यान में आ गया, कह रहा है, "प्रभु, यह कब तैयार है?" ओह,

प्रभु! वह क्या कर रहा है? वह छोटी सभाओं में आ रहा है, वह उल्टी गिनती सुन रहा है, परमेश्वर के वचन की।

103 आप जानते हैं जब जॉन ग्लेन वहां उस प्रात: बैठ गया, वे उल्टी गिनती को सुन रहे थे। "दस, नौ, आठ, सात, छ, पांच, चार, तीन, दो, एक, शून्य।" समझे? अब वे ऐसे स्थान पर आ गए, जहां ये कहता है, "यह तीन मिनिट है जब तक कुछ उठने वाला है," वे नहीं जानते कि ये है क्या। "तीन मिनट जब तक कि हमारे पास शून्य घड़ी ना हो।"

104 अब ध्यान दे, वास्तविक विश्वासी मसीह में है। जो मसीह में है, उन पर दंड की आज्ञा नहीं। वचन प्रचार करें, वचन के साथ बने रहे। मैं चिंता नहीं करता नामधारी क्या कहता है, वे इसका विश्वास करने जा रहे है। वे ठीक वही खड़े होंगे, क्योंकि ये वचन है। नामधारीयो ने एक बड़ा विवाद आरंभ किया और उन्हें बाहर निकाल दिया, उन लोगों को बाहर भगा दिया, और कहते है, "ये लोग पागल है," इस प्रकार से हर चीज। परंतु वे ठीक वचन के साथ बने रहते है। जब तक परमेश्वर की प्रतीज्ञा बनी रहती है, वे वही बने रहते हैं, क्योंकि वे अंतरिक्ष यात्री है, वे वचन का विश्वास करते है। और उनसे बचने की कोई विधि नहीं जो भी है। वे आपको छोड़ने जा रहे है, इसलिए बस—बस उन्हें कुछ समय के लिए अकेला छोड़ दो।

105 परन्तु वे वहां पर है, मसीह यीशु में स्वर्गीय स्थान में बैठे हैं उल्टी गिनती को सुन रहे है, *कलीसियायी युग* और आदि–आदि। महिमा हो! आपको अच्छा अनुभव होता है, क्या नहीं? उल्टी गिनती को सुन रहे है! उल्टी गिनती क्या है? "इन सारी बातों कि प्रतिज्ञा दी गई थी, यही जहां यह घटित हुई। सारी चीजो की प्रतीज्ञा दी गई थी, यही जहां यह घटित हुई। जहां पर प्रतिज्ञा है, यही जहां यह घटित हुआ। वह सफलता जिसकी आज प्रतिज्ञा दी गई, यह ठीक यहां हमारे बीच में है।" वे क्या कर रहे है? उल्टी गिनती सुन रहे है। यह कितनी दूर तक आ गया? लूथर से होता हुआ। उल्टी गिनती! "न्यायोचित, पवित्रीकरण... दस, नौ, आठ, सात, छ, पांच, चार, तीन, दो... ऊपर जाओ!" वे क्या कर रहे है? उठने की प्रतीक्षा, शून्य काल। आमीन।

[भाई ब्रन्हम ने आठ घंटो बाद, यह अलग से अंतिम भाग इसमें मिलाया है, अनुच्छेद 106–111। वह इसे सांझ की सभा चलते उपदेश में स्पष्ट करते है, *उसकी उपस्थिति में,* अनुच्छेद 4–5—सम्पा।]

106 यह महान परिक्रमा की कलीसिया इसे करने के लिए तैयार हो रही है, और उल्टी गिनती का महान समय, मैं आपको स्पष्ट करना चाहता हूं उल्टी गिनती को कि मैं क्या सोचता हूं। अब, मैं सोचता हूं, हम यहां इस कलीसिया में से होते हुए। और अब आप ध्यान दे कि जब स्वाभाविक अंतरिक्ष यात्री तैयार हो रहा है कि धरती को छोड़ें, वहां उल्टी गिनती दस से वापस शून्य को आरंभ हो रही है। अब, मैंने इस संदेश को तोड़ने की कोशिश नहीं की और इसे एक आत्मिक प्रयोग दिया, जैसा कि इसने प्रात: में बहुत समय लिया। परंतु मैं इसे आपको स्पष्ट करना चाहता हूं, वह *दस* अंक "सांसारिकता", का अंक है, मनुष्य। परंतु *सात* "परमेश्वर का सिद्ध अंक है।" छ: दिनों में उसने आकाश और पृथ्वी को बनाया, और सातवें में उसने विश्राम किया। और छ: हजार वर्षों संसार को पाप के विरोध में परिश्रम करना, या कलीसिया ने पाप के विरुद्ध परिश्रम किया, और सातवां सहस्त्रशताब्दी है, सब्त।

107 सात परमेश्वर का सिद्ध अंक है। और अब उसने हमें सही उल्टी गिनती दी है, और उसकी उल्टी गिनती दस नहीं है, परंतु सात है। हमने हाल ही में *सात कलीसिया कालो* से होते हुए देखा। अब हम पाते है, और प्रकाशितवाक्य में, पहली उल्टी गिनती पहला युग था। दूसरी उल्टी गिनती, दूसरा युग। और सातवी उल्टी गिनती में। और यहां हमारे सामने दिखता है, जैसा कि चित्र बनाया गया, कि हमारे पास यह उल्टी गिनती है। पहला अंक इफुसुस गिना गया। दूसरा अंक स्मुरना गिना गया था, स्मुरना। तब परगुमस। थुआथीरा। पांचवा सरदीस। या छठवां फिलोदिलफिया था। सातवां लौदिकियन, अंतिम कलीसिया युग। तब यह शून्य समय, कलीसिया के लिए कि छोड़कर निकले, कलीसियायी युगो के उनका समय पूर्ण हो जाने के पश्चात। अब, हम जानते हैं थुआथीरा युग आया और चला गया, इफिसियो का युग आया और चला गया, फिलोदिलफिया युग आया और चला गया। और हम सातवी कलीसियायी काल में है, इसका अंत, लौदिकियन युग। और यह उल्टी गिनती है।

108 यदि अब अपने पिछले पाठ कलीसियाओ पर ध्यान देते, उसने अपने हाथ में *सात तारे* पकड़े हुए है, जो कि हम पाते है, "सात सेवक सात कलीसिया युगो के।" प्रत्येक उनमें सिद्ध रूप से प्रमाणित हुआ जैसा कि परमेश्वर ने अपनी उल्टी गिनती ली। जिस समय से उसने छोड़ा, जब तक कि वह वापस नहीं आता, वह लोगों को अपने नाम के निमित्त एकत्र कर

रहा है। पेंटीकोस्ट के दिन से आरंभ करके। पहली, इफिसियन कलीसिया, वह सितारा और उस कलीसिया का संदेश वाहक जिसे हम संत पौलुस का होना विश्वास करते है। वह आया, और एक अंक गिन लिया गया। दूसरा कलीसिया युग, जो कि स्मुरना है, आयरेनीयस था, परमेश्वर का महान संत, जिसने अंत में कलीसियायी युग की अगुवाई की। तीसरा कलीसिया युग, जो कि पिरगुमन था, उसका संत कोलम्बा था, जो कि परमेश्वर का महान संत था। अंधकार के युग के चलते, यात्नाओ में, चौथा युग, और चार गिना तोरस का संत मार्टिन, एक महान संत फ्रान्स से आया। पांचवी कलीसियायी काल, और उसका संदेश वाहक उल्टी गिनती में मार्टिन लूथर था। छठवां युग जॉन वैसली उल्टी गिनती में था।

109 अब हम सातवें युग में है, लौदीकिया कलीसिया काल। और हम उस महान संदेशवाहक की प्रतीक्षा कर रहे है एलिय्याह के दूसरे प्रगटीकरण के, उल्टी गिनती पर। और जैसे ही वह प्रगट होता है, तब यह शून्य समय है, और कलीसिया घर के लिए अपना मार्ग लेती है, बाहर अंतरिक्ष में जाती है, आकाश में चांद, सितारों से आगे, हर चीज और यीशु से मिलती है।

110 यह कहां से आया और वे कहां चले गए? इस अंतरिक्षयान में। किस प्रकार से ये लोग पहले स्थान पर अंदर गए? उसी प्रकार से उन्हें हर स्थान में जाना होगा, हर बार। यह ठीक बात है। उसी प्रकार से अंदर आना होगा जिस प्रकार से पहली बार, क्योंकि यह महान पंच लोगों कि उस महान देह कि। जो नूह के समय में, वहां केवल एक ही दरवाजा था, और द्वार केवल एक ही प्रवेश का द्वार था। हर चीज जो, उसके अंदर आती, कोई मतलब नहीं यदि वे न्यायोचित की अधीनता में पहले तल पर गए, दूसरे तल, या तीसरे तल, वे सारे एक ही द्वार से अंदर आए। वे सब एक ही प्रकार से भीतर आये।

111 इस अंतरिक्ष यात्रा के दिन में ये वही बात है। हमें उसी प्रकार से भीतर आना है, उसी मार्ग से आना है, उसी संदेश के द्वारा, उसी मसीह के द्वारा, उसी सामर्थ के द्वारा कि उन्होंने उसे पेंटीकोस्ट के दिन प्राप्त किया। उसी प्रकार से! ये सारे समय एक सा रहा है, क्योंकि यह वहीं द्वार है। और कैसे हम उस देह में आते है? द्वार के द्वारा। और यीशु इस देह का द्वार है। इसलिए हम अंदर आते है और परमेश्वर के राज्य में जन्म लेते हैं, यीशु मसीह, उस द्वार से होते हुए और अब द्वार बंद होने के लगभग है लौदिसियन

पर, अंतिम उल्टी गिनती, और कलीसिया के लिए तय है कि पीडाओ से ऊपर उठकर अपनी ग्रह पथ को ले सब, हर चीज, और उड़ते हुए स्वर्गो के स्वर्ग का मार्ग ले, कलीसिया को परमेश्वर कि गोद में पहुंचाये। आमीन। [टेप पर खाली स्थान—सम्पा।] आमीन।

112 उस सुबह जब जॉन का... यह ग्लेन ने वहां से ऊपर चढ़ा, हर कोई अपने मुख के बल पर था, रो और प्रार्थना कर रहा था, और आश्चर्य में था कि वह सफलता पाने के योग्य होने जा रहा था। और पहली बात, आग उन प्रमाणुओ से फैलना आरंभ हो गई जैसे कि वह महान बड़ी मिसाईल ऊपर उठी वहां कैप के केनावरल पर, इस प्रकार से हवा में जा रही थी, और लोग चिल्ला और रो रहे थे, और आश्चर्य चकित थे कि उनके अंतरिक्ष यात्री का क्या होगा, जो ऊपर जा रहा था।

113 ओह, परंतु कलीसिया, महिमा, वह भी कुछ आग फैला रही है। आमीन। उल्टी गिनती आ रही है! आमीन! "न्यायोचित, पवित्रीकरण, पवित्र आत्मा का बपतिस्मा, लौदिकियन कलीसिया युग," हम अंत में हैं! यीशु मसीह कल, आज, और सर्वदा एक सा है! क्या मामला है? "दस, नौ, आठ, सात, छः, पांच, चार, तीन, दो... शून्य!" वे रोएंगे नहीं, परंतु वे गायेंगे और चिल्लायेगे और परमेश्वर की महिमा करेंगे, जैसे ही कलीसिया अपनी अंतरिक्ष यात्रा आकाश में आरंभ करती है कि यीशु मसीह के साथ हो। आमीन।

114 स्वाभाविक सफलता में, वे चांद पर चले गए। आत्मिक सफलता में हम स्वर्ग कि ओर उठ रहे है। आमीन! स्वाभाविक अंतरिक्ष यात्री चांद पर स्थान ढूढ़ने का यत्न कर रहे है। हम तो पहले ही से स्वर्ग में स्थान पा चुके है। "मेरे पिता के घर में बहुत सारे स्थान है। मैं जाऊंगा और तुम्हारे लिए स्थान तैयार करूंगा, और एक अंतरिक्ष यात्री को वापस भेज कर तुम्हें ले लूंगा।" उल्टी गिनती चल रही है! क्या आप इसका विश्वास करते है? आमीन। उल्टी गिनती! "दस, नौ, आठ, सात, छ, पांच, चार, तीन, दो, एक, शून्य!" आग बिखरनी आरंभ हो गई, सेवकाई को महिमा में ताज मिला। हाल्लेलुय्या! और पुराना रॉकेट ऊपर उठने लगा, चांद की ओर नहीं, परन्तु महिमा की दिशा में वहां वह है। परमेश्वर की आग फैल रही है। पवित्र आत्मा की सामर्थ उसे उठा रही है, और चांद से, सितारों से आगे, कोई भी चीज जिस पर कभी मनुष्य के द्वारा उपलब्धि प्राप्त हुई हो। कलीसिया अपनी उड़ान स्वर्ग में परमेश्वर की गोद में लेगी, किसी एक सुबह में। मित्रों,

मनुष्य सफलता पाने के योग्य हो पाया, जो उनके पास प्रकृतिक चीजो के द्वारा था, और परमेश्वर (मैंने यहां इसे सिद्ध किया) आत्मिक के द्वारा यह प्रतीक हुआ।

115 आइये जल्द ही! अंतरिक्ष यात्रा में चले! थोड़ी देर बाद द्वार बंद हो जाएगा। उल्टी गिनती चल रही है! विज्ञान कहता है उनकी की उल्टी गिनती तीन मिनटे है। हमारी उनसे आगे हो सकती है, यह हो सकता है, “एक” “शून्य!” के लिए तैयार! चलिए अंदर आ जाए। क्या विश्वास करते है। उल्टी गिनती चल रही है? आईए, अपने सिरो को झुकाए फिर थोड़ी देर के लिए।

116 पिता! “दस, नौ, आठ, सात, छः, पांच, चार, तीन, दो... ” परमेश्वर! “राष्ट्र टूट रहे है। इस्त्राएल जाग रहा है, चिन्ह जो भविष्यवक्ताओ ने पहले से बताये; अन्यजाति के दिन गिने हुए है, अटकते हुए हेगे के साथ; ओह, पिछड़े हुओ, अपनों में लौट आओ,” क्या ही दिन है! सांझ का उजियाला चमक रहा है। ओह परमेश्वर, हम प्रार्थना करते है कि हर अविश्वासी अपनी शिक्षा के विचारो को एक ओर रख देगा, उसके सारे विचार जो आपके वचन के विरुद्ध है, और इस प्रातः उस महिमामय अंतरिक्ष यात्रा में आ जाएगा, क्योंकि हमने इसमें जन्म लिया है, वहां इसमें अंतरिक्ष यात्रा के भाग हो गए है।

117 स्वर्गीय पिता, मैं प्रार्थना करता हूं, और मसीह की इस महान देह में, कि आप विश्वासियो को पवित्र आत्मा का बपतिस्मा देंगे, होने पाए। आज सुबह तलाब लोगों से भर जाए, अपने पापों को मानते हुए और यीशु मसीह के नाम में गाढे जा रहे है, और पुराने अंतरिक्षयान में बैठ रहे है, प्रभु, जो कि चांद और सितारों से आगे जा रहा है और मतसारो से, और नामधारीयो से आगे जा रहा है। हमने अपनी उल्टी गिनती पूरी कर ली है। आपने हमें बताया कि क्या होगा तीन, ये तीन स्थितियां इसकी। आपने कलीसिया काल में बताया, कैसे वे जायेंगे, पहला कलीसिया का युग, दूसरी कलीसिया का युग, तीसरी कलीसिया का युग चौथी, पांचवी, छठवीं। यह गिनती सात तक है। और सात के बाद, यह युग; जिसमें अब हम है, अन्तिम कलीसिया काल। और अब उल्टी गिनती जारी है। इस युग की उल्टी गिनती हो गई है, लूथरन युग, वैसली युग, पेंटीकोस्टल युग। और अब, प्रभु, अंतरिक्षयान में महान बड़ा दिखाने वाला कांच जो इसके सामने लगा है, इकट्ठा कर रहा

है, हम महिमा देख सकते है, यीशु को देखते है, उसे उसकी सारी सामर्थ के साथ देखते है, उसके अंदर उसकी सारी प्रतिज्ञाये है। हर चीज जिसकी उसने प्रतिज्ञा दी हम पर परावर्तित हो रही है। इसके लिए हम आपका धन्यवाद करते है।

118 परमेश्वर, होने पर कलीसिया जल्द ही सुरक्षित भाग में आ जाए, क्योंकि शून्य घड़ी जल्द ही आती है, और महान अंतरिक्षयान का द्वार बंद हो जाएगा, अंतरिक्षयान। और हम नूह के समान, जैसे वह, अपने अंतरिक्ष में गया चले जायेंगे, वह तैरता रहा उस सारे न्याय के जल के ऊपर। और, पिता, हम आप में आना चाहते है, ताकि हम योग्य हो जाए कि समय कि धारा से होकर तैर जाये, मंगल, बृहस्पति, शुक्र के ऊपर से होते हुए आकाश गंगा के, आगे और आगे और आगे, जहां के विषय में स्वाभाविक अंतरिक्ष यात्री कुछ नहीं जानता। परन्तु हम देखते हैं, आप उसे करने देते है एक चिन्ह के लिए, ताकि हम भी जाने के लिये तैयार हो सके। हम पृथ्वी से निकल रहे है। प्रभु, इसे प्रदान करें। यीशु मसीह के नाम से मैं, ये मांगता हूं।

119 यहां रुमाल रखे हुए है, प्रभु, यहां रखे है, जो बीमार लोगों ने भेजे है। वे विश्वास करते है, प्रभु। और होने पाये वे इस प्रात: अंतरिक्ष के पूरे सदस्य होने पाये। सर्व सामर्थी परमेश्वर की सामर्थ जो अपनी बाईबल को इस पर परावर्तित करता है, उन्होंने संत पौलुस की देह से छुआ कर, रुमाल और कपड़े लिए, और बीमार और पीड़ित चंगे हो गए थे। वे अंतरिक्ष विश्वासी, जब वह इसे छूता है, चला जाता है, प्रभु। बीमारी पीछे! होने पाए हर बीमार व्यक्ति यहां पर, प्रभु, मसीह यीशु में चला जाए, उसके वचन पर, उसकी प्रतिज्ञा। और बातों में "पिता से मेरे नाम से कुछ भी मांगो, मैं ये करूंगा," वे गिनती गिनना आरंभ कर दे, "दस, नौ, आठ, सात, छ:, पांच, चार, तीन, दो,... शून्य। आगे बढ़ गए, प्रभु!" ये चारपाईयों, स्टेचर से उठ खड़े हो, चाहे जो हो। होने पाए वे अपने जकड़ी हुई बीमारी से उठ खड़े हो, वहां सामने बाहर अंतरिक्ष में चले जाए जहां डॉक्टर विज्ञान, कोई भी उन में से, इस विषय में कुछ नहीं जानता, जहां परमेश्वर की सामर्थ ने विज्ञान शोध के द्वारा प्रतिज्ञा दी है, जो बाइबिल की है, या आत्मिक, अनुसंधान, बाईबल का; ये दर्शाने के लिए परमेश्वर सदा से परमेश्वर, वह सदा परमेश्वर रहेगा अब भी परमेश्वर बना रहेगा, वह सदा परमेश्वर रहेगा, और वह अनंत, सर्वसामर्थी, सर्वशक्तिमान, सर्वव्यापी होने से अपने वचन के बनाए रखता

है; और सब कुछ कर सकता है, प्रतिज्ञा दी है कि सारी चीजें संभव है उनके लिए जो विश्वास करेंगे। परमेश्वर, इसे प्रदान करें।

120 होने पाए दूर के पुरुष और महिलाएं, लड़का या लड़की, इस प्रात:, जो इस उल्टी गिनती को नहीं सुन रहे हैं, परमेश्वर के वचन की, जानते हुए कि हम ठीक यहां पर है, अंतिम वस्तु को गिन लिया है। वह "शून्य" चिल्लाने के लिए किसी भी समय तैयार है, कि कलीसिया जाए। हम संदेश को समाप्त होते हुए देखते है। हम सताव को उठते हुए देख रहे है, जैसा कि हमने बीती रात बात की है। हम जानते है कि समय निकट है। उल्टी गिनती पूरी हो गई। आपने हमारी सहायता की है कि कलीसियायी युगो को आप प्रचार मंच पर लाये, और हर चीज को लेकर ये सिद्ध किया, की ठीक इस समय किसी भी समय यह घटित हो सकता है। परमेश्वर सर्वशक्तिमान, जिसने आकाश और पृथ्वी को रचा, अपने अनुग्रह को लोगों पर भेजा और उन्हें वह दिया, जो आपने उनके लिए रखा हुआ था। क्योंकि हम यह यीशु के नाम में मांगते है।

121 और हर पुरुष और स्त्री अपने झुके हुए सिर के साथ। यदि यहां कुछ ऐसे हो जो मसीह को इस प्रात: अपना बचाने वाला ना जानते हो, और उसे जानना चाहते है और परमेश्वर की अंतरिक्ष स्थिति में प्रवेश करते है, परमेश्वर का अनुग्रह, उठा लिए जाने में, अपने हाथ उठायेगे और कहे, "मैं तैयार हूं, उठा लिए जाने के लिए तैयार होना चाहता हूं, भाई ब्रन्हम। मेरे लिए प्रार्थना करें," परमेश्वर आपको आशीष दे। परमेश्वर आपको आशीष दे, आपको। परमेश्वर आपको आशीष दे, और आपको। बाहर, भीतर, आप जहां कहीं भी है, बस अपना हाथ उठाये। इसके द्वारा, आप कहे, "परमेश्वर, मुझे अंदर ले।" परमेश्वर आपको आशीष दे। "मैं उल्टी गिनती सुनना चाहता हूं। मैं यह सुनना चाहता हूं। मैं यह जानना चाहता हूं कि मैं सुरक्षित हूं, कि जब आग बुझ जाए, मैं यहां घोड़े और बग्गी में बैठना नहीं चाहता। मैं कलीसिया में नहीं होना चाहता हूं, मोटर गाड़ी में सवारी करूं। मैं उस एक में नहीं होना चाहता, जो बस पैरों को भूमि पर से थोड़ा उठा दे, पर्याप्त दूरी कि कूदू और बहुत सा शोर करूं। मैं उसमे होना चाहता हूं जो मुझे चाद सितारों से दूर ले जाये। मैं उल्टी गिनती को सुनना चाहता हूं; ना कि कोई मतसार, कोई संगठन। परंतु मैं मसीह में होना चाहता हूं, जहां मैं किसी भी चीज से दूर निकल जाऊं उस तर्क से जो मनुष्यो में है। मैं जाना चाहता हूं।"

122 क्या कोई और है इसके पहले कि हम प्रार्थना करें? क्या है... ? परमेश्वर आपको आशीष दे, युवा स्त्री। परमेश्वर आपको आशीष दे, युवक। आपको आशीष दे, और आप पीछे वहां। मैं आपके हाथ देखता हूं, और परमेश्वर निश्चय ही ये देखता है। और आप, मेरे भाई, आप भाई। "मैं उल्टी गिनती में होना चाहता हूं। परमेश्वर, मैं हर बोझ को एक और रख देना चाहता हूं।" परमेश्वर आपको आशीष दे, भाई। "मैं हर पाप को एक और रख देना चाहता हूं, भाई ब्रन्हम मुझ में क्रोध है। ओह, मैं इसमें नहीं जा सकता, इस प्रकार से परमेश्वर से प्रार्थना करे कि इसे मुझ से ले ले। मैं—मैं, भाई ब्रन्हम, मैं—मैं थोड़ी पीता हूं। मैं यह नहीं करना चाहता। प्रार्थना करें कि मैं इसे एक और रख दू। मैं धूम्रपान करता हूं। मैं यह नहीं करना चाहता। परमेश्वर जानता है मैं यहां नहीं करना चाहता। वे चीजें जिन्होंने मुझे बांध रखा है, इस प्रकार मैं—मैं यह करता हूं, मैं इनसे अलग नहीं हो सकता। मैं जानता हूं कि यह गलत है, और मुझे यह नहीं करना चाहिए। मैं नहीं करूंगा! दूसरी बात, मैं वचन पर संदेह कर रहा हूं। मैं बस भटक रहा हूं, यदि यह वास्तव में सही था। परमेश्वर, मेरी सहायता करें। मुझे—मुझे केवल स्मरण रहे कि यह सारा सही है। और मैं इसका विश्वास करता हूं। मैं उल्टी गिनती को सुनना चाहता हूं। मैं एक स्थान चाहता हूं, जहां हर बार मैं परमेश्वर के वचन को देखता हूं, कुछ भी कहता है, मैं उस पर 'आमीन' से विराम लगाना चाहता हूं और कहता हूं, 'प्रभु, आप ये है।'" अब सब... परमेश्वर आपको आशीष दे। परमेश्वर आपको आशीष दे, आप में से प्रत्येक को।

123 क्या यहां कोई है अब जो बीमार हो, और कहे, "भाई ब्रन्हम, इस प्रात: मैं एक मसीही हूं, परंतु मैं... मैं रहा हूं... पवित्र आत्मा है। अब मैं हवाई जहाज से उतर गया हूं, मैं उल्टी गिनती के लिए तैयार हूं। मैं हर प्रकार के नामधारियों से बाहर आ गया हूं और हर चीज, उल्टी गिनती को सुन रहा हूं। परंतु अब मैं यह कहना चाहता हूं एक बात, भाई ब्रन्हम, इस प्रात:, मैं बीमार हूं। अब भी मुझे प्रभु के लिए कोई कार्य करना है। मैं उल्टी गिनती सुन रहा हूं, परंतु मैं चाहता हूं—मैं चंगा होना चाहता हूं। इस प्रात: मैं इस पर चढ़ रहा हूं, उल्टी गिनती सुनने के लिए।" उल्टी गिनती क्या है? परमेश्वर का वचन। यह उल्टा गिना गया। वह कल, आज और सर्वदा एक सा है। "मैं उसे सुनना चाहता हूं इस प्रात: अपना चंगा कर्ता के समान। मैं अपना हाथ उठाना चाहता हूं और कहता हूं, 'भाई ब्रन्हम, मेरे लिए

प्रार्थना करें।'" परमेश्वर आपको आशीष दे। अब सीधे अंदर आ जाए। वेदी भरी हुई है, यहां चारों ओर फर्श भरे हुए है। हम प्रार्थना पंक्ति नहीं चला सकते। वे दीवारों के साथ साथ खड़े हुए हैं और सारी बातें। हमारे पास एक जमघट है। हमें यह नहीं करना चाहिए। आप एक उसमें—आप... एक अंतरिक्ष यात्री है।

124 आप एक अंतरिक्ष यात्री है। आप लूथर से आगे जा रहे है। लूथर इसमें विश्वास नहीं करता था। वैसली ने हाथों को रखा। पेंटीकोस्टल ने तेल से अभिषेक किया। आप एक अंतरिक्षयात्री है, किसी भी तर्क से आगे चले गए। केवल इसलिए कि वचन ने इस प्रकार कहा, मैं आगे बढ़ रहा हूं। भाई, आप कहते है, "क्या लूथर ने विश्वास नहीं किया? क्या वह वचन नहीं था?" जी हां, परंतु वैसली उस से ऊपर गया। "भाई, वैसली ने तेल से अभिषेक किया या कुछ और। क्या आप यह विश्वास करते है?" जी हां, यह ठीक बात है। "पेंटीकोस्टल ने प्रेतो को निकाला।" जी हां। "हाथों को रखा, और चंगाई हाथों में थी और सारी बातें।" जी हां, मैं जानता हूं कि ये सही है, परंतु आगे बढ़ो। आगे बढ़ो! वैसली मुड़ कर लूथर को नहीं देखता, पेंटीकोस्टल मुड़कर वैसली को नहीं देखते। ना ही हम मुडकर पेंटीकोस्टल को देखते है। हम अंतरिक्षयात्री है। हम इस से आगे है। चलिए आगे बढ़े। मसीह ने ऐसा कहा है!

125 आप ये कैसे करते हैं? "आईए, मेरी पुत्री पर अपने हाथों को रखें और वह चंगी हो जाएगी," यहूदी ने कहा। यीशु गया और उसके लिए यह किया, यह ठीक बात है। परंतु जब ये रोमी के पास आता है, अंतरिक्ष यात्री, उसने कहा, "मैं योग्य नहीं हूं कि तू मेरी छत के नीचे आए। प्रभु, बस वचन कह दे।" और वह यह पहले ही कह चुका है। यही है।

126 अब चलिए अपने—अपने ह्रदयो को परमेश्वर की ओर उठाये। आईए, अपने हाथों को परमेश्वर की ओर उठाये, अपने ह्रदयो को परमेश्वर की ओर। क्योंकि आपकी जो भी आवश्यकता हो, उद्धार, पवित्रीकरण, पवित्र आत्मा का बपतिस्मा, दिव्य चंगाई, ये जो भी है, अपने हाथ ऊपर करें और अपना ह्रदय परमेश्वर की उपस्थिति में थामें, और अनुभव करें कि आप मसीह यीशु में स्वर्गीय स्थानों में बैठे है, और आप उस विश्वास के अंतरिक्ष यात्री है। क्या? यहां गिनती आती है! "दस, नौ, आठ, सात, छः, पांच, चार, तीन, दो... " ओ यीशु, अब आ जाए! हम इसके नाम के सामर्थ को

रख रहे है। और जैसा कि हमने बीती रात्रि देखा, पौलुस ने एक पुरुष को अंधा कर दिया, दूसरा वाला उस पर दौड़ा। और हम देखते है कि यीशु जो चाहे कर सकता है, उसने—उसने किया, सब प्रकार के आश्चर्यकर्म, और फिर भी अपने समय के अंत में, देखते हैं उसे पीटा गया और उस पर थूका गया, और सब कुछ। लोग इसे नहीं समझते। वे अनुभव करते है कि परमेश्वर ने यह पुष्टि करने के लिए किया कि यह सही है, और फिर लोगों के विश्वास को परखा।

127 प्रभु, हम यहां पर खड़े हैं और देखा कि बिल्कुल अंधों ने अपनी दृष्टि पायी, बीमारियां; कैंसर, जिन पर छाया थी, चंगे हो गए। हमने देखा वे जो मरे हुए थे और घंटों से पडे हुए थे, और फिर से जीवन में आ गए। हम जानते है ये—ये हमारा महान मसीह है जिसकी देह में होकर हम अंतरिक्ष यात्री है। और अब उल्टी गिनती आरंभ है, और अपनी चंगाई के लिए इस प्रात: हम विश्वास करने जा रहे है, अपने उद्धार के लिए, और हर उस चीज के लिए जिसकी हमें आवश्यकता है। क्योंकि हम यह यीशु मसीह के नाम में मांगते है, उसने प्रतिज्ञा दी है, "मेरे नाम से पिता से कुछ भी मांगो, मैं करूंगा।" और हमें यही करने की आवश्यकता है कि उसके नाम को पुकारे, और इसे होना ही है। हम उल्टी गिनती को सुन रहे है।

128 प्रभु, इसमें से जो कुछ पापी है, उन्होंने अपने हाथ उठाए है। ये लोग उल्टी गिनती की प्रतीक्षा कर रहे है, जब इनके हृदय में एक बदलाव आयेगा, ये सारे घृणित गंदगी को बाहर कर देगा बहुत से है। जो धूम्रपान करते है, जो इसे छोड़ने को तैयार है। बहुतो ने कुछ ऐसा किया है, जो नहीं करना चाहिए था, और वे इसे छोड़ने को तैयार है, क्योंकि हम सर्वशक्तिमान यीशु मसीह के नाम में मांगते हैं कि हर रुकावट को पूरा कर दें, जो कलीसिया में इस प्रात: है, बीमारी पाप, और यह कलीसिया स्वतंत्र हो जाए। यीशु मसीह के नाम में, होने पाए सामर्थ और महान सुसमाचार की सामर्थ, पवित्र आत्मा की आग फैलना आरंभ हो गई है, और परमेश्वर के महान अंतरिक्ष यात्री अपने हृदय की इच्छाओं को आज अलग कर रहे है। सर्वशक्तिमान परमेश्वर, इसे प्रदान करें। ये लोग आपके है। और ये अपनी चंगाई पाए, अपना उद्धार, और इन्हें जिस भी चीज कि आवश्यकता हो। मैं इन्हें आप को समर्पित करता हूं, और आपके हवाले करता हूं अपनी प्रार्थना के साथ, वेदी पर जहां यीशु मसीह का ताजा लहू इस प्रात: है। यीशु मसीह के नाम में यह वह प्राप्त करें जो इन्होने मांगा है।

और लोगों ने कहा, “आमीन।” [सभा “आमीन।” कहती है—सम्पा।]

129 ऐसा, विश्वास करते है! ऐसा हो! मैं विश्वास करता हूं। आमीन। मैं जानता हूं कि वह परमेश्वर है। मैं जानता हूं कि हम परमेश्वर की उस महान सफलता के लिए तैयार हूं। उसकी उपलब्धि क्या है? कि पृथ्वी को छोड़ दें। अंतरिक्ष यात्री चांद पर जाते हैं, दूसरी पृथ्वी। और परमेश्वर की कलीसिया (हवाई जहाज से, घोड़े पर से और आदि–आदि) एक अंतरिक्ष यात्री के समान छोड़ रहे है, दूसरे संसार में, जो कि स्वर्ग है। उल्टी गिनती, यहां आरंभ है। आमीन।

आप उसे प्रेम करते है? [सभा “आमीन।” कहती है—सम्पा।] तो फिर अपने हाथ उठाये और गाये।

मैं उससे प्रेम करता हूं, मैं उस से प्रेम करता हूं
क्योंकि उसने पहले...

ठीक है, भाई नेविल।

प्रभु की महिमा हो! और परमेश्वर आपको आज रात्रि तक आशीष दे, जब मैं आपसे मिलता हूं।

उल्टी गिनती HIN62-0909M

(Countdown)

यह सन्देश भाई विलियम मेरियन ब्रंहम के द्वारा रविवार सुबह, 9 सितम्बर, 1962 को ब्रन्हम टेबरनेकल, जेफरसनविले, इंडियाना, यु.एस.ए में प्रचारित किया गया। इसे चुम्बकीय टेप रिकॉर्डिंग से लिया गया है, और इंग्लिश में विस्तृत छापा गया है। इस हिंदी अनुवाद को वोईस ऑफ गॉड रिकॉर्डिंग के द्वारा छापा गया और बाँटा गया है।

HINDI

©2019 VGR, ALL RIGHTS RESERVED

VOICE OF GOD RECORDINGS, INDIA OFFICE
19 (NEW NO: 28) SHENOY ROAD, NUNGAMBAKKAM
CHENNAI 600 034, INDIA
044 28274560 • 044 28251791
india@vgroffice.org

VOICE OF GOD RECORDINGS
P.O. BOX 950, JEFFERSONVILLE, INDIANA 47131 U.S.A.
www.branham.org

कोपी राईट सूचना

सारे अधिकार सुरक्षित है। यह पुस्तक व्यक्तिगत प्रयोग या मुफ्त में देने और एक औजार के समान यीशु मसीह का सुसमाचार फैलाने के लिये
घर के प्रिंटर पर छाप सकते हैं।

इस पुस्तक को बेचना, अधिक मात्रा में फिर से छापना, वेब साईट पर डालना, दुबारा छापने के लिये सुरक्षित रखना, दूसरी भाषाओं में अनुवाद करना या धन प्राप्ति के लिये निवेदन करना निषेध है। जब तक की वायस ऑफ गोड रिकार्डिंग कि लिखित अनुमति प्राप्त ना कर ली जाये।

अधिक जानकारी या दूसरी उपलब्ध सामग्री के लिये कृपया संपर्क करें:

वायस ऑफ गोड रिकार्डिंग्स

पोस्ट बोक्स 950 जैफरसन विले, इन्डियाना 47131 यू. एस. ए.

www.branham.org